

हिन्दी दैनिक    पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com    सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, मंगलवार | 04 मार्च 2025 | वर्ष : 03 अंक : 61 | पृष्ठ -12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


# Bihar Budget 2025: आधी आबादी पर जोर, महिलाओं के लिए बड़े ऐलान, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस

**चुनावी साल में बजट का फोकस महिलाओं पर रहा है। इसमें वीमेन हाट, महिलाओं के लिए जिम और गरीब लड़कियों की शादी के लिए विवाह मंडप जैसी योजनाओं का ऐलान किया गया है।**

एजेंसी

**पटना:** बिहार सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट विधानसभा में पेश किया। बजट बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिनके पास वित्त विभाग भी है। यह पिछले बजट 2,79 लाख करोड़ रुपये से 38,169 करोड़ अधिक है। बजट पेश करते हुए चौधरी ने कहा कि कैंसर केयर सोसायटी बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बेगुसराय में एक कैंसर अस्पताल खोलेगी क्योंकि सबसे ज्यादा कैंसर मरीज इसी जिले से हैं। चुनावी साल में बजट का फोकस महिलाओं पर रहा है। इसमें वीमेन हाट, महिलाओं के लिए जिम और गरीब लड़कियों की शादी के लिए विवाह मंडप जैसी योजनाओं का ऐलान किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के सिद्धांत और सीएम के 'न्याय के साथ विकास' के सिद्धांत पर आधारित है। चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025 और 2026 में शिक्षा



पर 60,954 करोड़, स्वास्थ्य पर 20,335, ग्रामीण विकास पर 16,193 और ऊर्जा पर 13,483 करोड़ रुपये खर्च करेगी।सरकार पटना में 'महिला हाट' भी स्थापित करेगी और राज्य की सभी पंचायतों में 'कन्या विवाह मंडप' बनाये जायेंगे। सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पिछड़े वर्ग और अत्यंत पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति राशि भी 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह कर दी है। चौधरी ने कहा कि सरकार राज्य के प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए विशेष बस सेवा शुरू करेगी। उन्होंने कहा, इन बसों में ड्राइवर और कंडक्टर भी महिलाएं होंगी। राज्य के प्रमुख शहरों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे और प्रशिक्षक भी महिलाएं होंगी। इन केंद्रों में प्रशिक्षक भी महिलाएं होंगी। सरकार धार्मिक पर्यटन पर फोकस करेगी और महिलाओं को टूरिस्ट गाइड के तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा।मंत्री ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट का काम पूरा होने वाला है. अगले तीन महीने में पूर्णिया एयरपोर्ट से हवाई जहाज उड़ान भरने लगेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कभी घोर विरोधी रहे सम्राट चौधरी के राज्य के वित्त मंत्री के तौर बजट पेश किये जाने के बाद उनके बगल में बैठे जदयू के प्रमुख ने अपनी सीट से खडे होकर चौधरी को शाबाशी दी। बजट में कहा गया है कि किसानों की आय में वृद्धि, पर्यावरणीय स्थिरता के साथ सतत औद्योगिक विकास और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने तथा राज्य में रोजगार के नये अवसर विकसित करने के उद्देश्य से बिहार खाद्य प्रसंस्करण नीति, 2025 लाई जाएगी।चौधरी ने कहा कि बिहार में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमों के लिए वृहत संभावना है. जिसको बढ़ावा देने में यह नीति मील का पत्थर साबित होगी। इससे राज्य में उपलब्ध कृषि उत्पादर्दा आधारित इनपुट के लिए किसानों को अच्छा मूल्य प्राप्त हो सकेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। साथ ही, इन उत्पादों के आधार पर होने वाले मूल्य संवर्द्धन की प्रक्रिया में रोजगार के कई अवसर भी सृजित होंगे। इसमें कहा गया है कि राज्य के बड़े अनुमंडलों में अनुमंडलीय अस्पताल के अत्तिरिक्त एक अन्य रेफरल अस्पताल का निर्माण किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग का सृजन किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### तमिलनाडु में तमिल ही रहेगी मुख्य भाषा, हिन्दी विवाद के बीच मोदी सरकार स्टालिन के आरोपों का दिया जवाब



एजेंसी

**तमिलनाडु:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 किसी भी राज्य पर हिंदी को लागू नहीं करती है। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि इस नीति का तमिलनाडु सरकार का विरोध राजनीति से प्रेरित था। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधान ने स्पष्ट किया कि एनईपी मातृभाषा आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने बताया, हमने एनईपी 2020 में कभी नहीं कहा कि केवल हिंदी होगी। शिक्षा मूल भाषा में होगी। तमिलनाडु में, यह तमिल होगी।उनका बयान ऐसे समय में आया है जब तमिलनाडु सरकार एनईपी 2020 की तीन-भाषा नीति का विरोध कर रही है। राज्य ने क्षेत्रीय भाषाओं पर नीति के प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है।प्रधान ने ऐसी चिंताओं को राजनीतिक कहकर खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, "एनईपी 2020 हिंदी, तमिल, उड़िया और पंजाबी सहित सभी भाषाओं पर प्रकाश डालता है। सभी भाषाओं का समान महत्व है। तमिलनाडु में कुछ लोग राजनीतिक उद्देश्यों के कारण इसका विरोध कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जैव विविधता की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आह्वान किया



एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर देशवासियों से पृथ्वी पर मौजूद अतुलनीय जैव विविधता की रक्षा और उसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आह्वान किया।विश्व वन्यजीव दिवस पहली बार 2014 को मनाया गया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर के जीव-जन्तुओं का संरक्षण सुनिश्चित करना है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आइए, आज विश्व वन्य जीव दिवस पर हम अपने ग्रह की अतुलनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है-आइए, भावी पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें !ह्लह्ल उन्होंने कहा कि वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए भारत के योगदान पर उन्हें गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को गुजरात के दौरे पर हैं। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर वह सासन में जंगल सफारी का आनंद लेंगे और राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

**मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आइए, आज विश्व वन्य जीव दिवस पर हम अपने ग्रह की अतुलनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं।**

## शमा मोहम्मद को मिला TMC सांसद सौगत राय का साथ, बोले- रोहित शर्मा को तो टीम में ही नहीं होना चाहिए

एजेंसी

**पश्चिम बंगाल:** तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय ने सोमवार को एक एक्स पोस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद की 'मोटी' टिप्पणी का समर्थन किया। रॉय ने एएनआई से बातचीत में कहा कि उन्होंने रोहित शर्मा पर जो कहा उससे मैं सहमत हूं। उन्होंने यह टिप्पणी एक क्रिकेट दर्शक के रूप में की, न कि एक राजनेता के रूप में। कब तक बचेंगे रोहित शर्मा? उन्होंने एक बार शतक लगाया था। वह सिर्फ दो, पांच और दस रन ही बना पाते हैं। टीम में होना भी नहीं चाहिए। शमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार देर रात पोस्ट किया



था जिसमें उन्होंने शर्मा को मोटा और अप्रभावी कप्तानह्ल कहा था। उन्होंने अपने विवादित पोस्ट को हटा दिया है। शमा ने अपने पोस्ट में कहा था कि शर्मा एक खिलाड़ी होने के लिहाज से मोटे हैं।उन्होंने यह भी कहा था, उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! ... और निश्चित रूप से भारत का अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि शमा की टिप्पणी कांग्रेस का मत नहीं है। खेड़ा ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद नेक्रिकेट के एक दिग्गज के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं जो पार्टी की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।ह्लह्ल उन्होंने कहा कि उन्हें (शमा को) ह्यएक्सह्ल से, संबंधित पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है और भविष्य में अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। खेड़ा ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस खेल के नायकों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है ।

## तेजस्वी यादव ने बजट को बताया जुमला, बोले- हमें बिहार की चिंता है, इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता

एजेंसी

**पटना:** राष्ट्रीय जनता पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बजट 3.17 लाख करोड़ रुपये का है, लेकिन राजस्व नहीं आ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि बात इतनी तक कैसे पहुंची। उन्होंने इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बजट भी बताया। तेजस्वी यादव ने तंज भरे लहजे में कहा कि बजट झूठ की सच्चाई से लिखा हुआ है। इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता है तेजस्वी ने सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दे गिनाए। उन्होंने कहा कि 10 साल में किसी भी ब्लॉक में स्टेडियम नहीं बना। बिहार



में पुल टूटने का मुद्दा उठाते हुए तेजस्वी ने कहा कि पुल-पुलिया टूटते रहते हैं। उन्होंने कहा, "हमें बिहार की चिंता है, इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता है।" चूंकि यह बजट विधानसभा चुनाव से पहले का आखिरी बजट था, इसलिए तेजस्वी ने कहा, "ये वे लोग नहीं हैं जो दोबारा सत्ता में आएंगे।" तेजस्वी ने यह भी कहा कि वह माई बहन के तहत 200 यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया।गौरतलब है कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को बिहार विधानसभा में राज्य का 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया. बजट पेश करते हुए चौधरी ने कहा कि कैंसर

## "'गंदी भाषा टैलेंट नहीं', रणवीर अलाहाबादिया को रउ से फटकार, शर्तों के साथ पॉडकास्ट शुरू करने की मिली अनुमति

एजेंसी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर अलाहाबादिया को अपने कार्यक्रम में शालीनता बनाए रखने की शर्त पर द रणवीर शो का प्रसारण फिर से शुरू करने की अनुमति दी। हालांकि, शो प्रसारित करने की अलाहाबादिया की याचिका पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उन्हें कुछ समय के लिए चुप रहने दें। तुषार मेहता ने रणवीर अलाहाबादिया की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इंडियाज गॉट टैलेंट में की गई उनकी टिप्पणी अश्लील और अनुचित है।इससे पहले पॉडकास्टर रणवीर अलाहाबादिया ने



उनके किसी भी कार्यक्रम के प्रसारण पर अगले आदेश तक रोक लगाने वाले आदेश में संशोधन का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अलाहाबादिया ने उच्चतम न्यायालय से कार्यक्रम प्रसारित करने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह उनकी ह्यआजीविका का एकमात्र स्रोतहै। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर के पॉडकास्ट को रद्द करने की अभियोजन पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि वह नैतिकता और शालीनता के अधीन कार्यक्रम चलाने के लिए स्वतंत्र है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वह कह रहे हैं कि कई कर्मचारी हैं, इसलिए ऐसे परिवार भी हैं जिनकी आजीविका का सवाल है। नैतिकता और शालीनता बनाए रखने के अधीन, अगर वह एक कार्यक्रम चलाना चाहते हैं, तो हम कह सकते हैं कि वह ऐसा कर सकते हैं।

## 'तुरंत बच्चे पैदा करो', परिसीमन पर चचाओं के बीच एमके स्टालिन की नवविवाहितों से अपील

एजेंसी

**तमिलनाड:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लोगों से तुरंत बच्चे पैदा करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि राज्य के सफल परिवार नियोजन उपायों ने अब उन्हें नुकसान में डाल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनसंख्या-आधारित परिसीमन तमिलनाडु के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को प्रभावित कर सकता है और निवासियों से उनकी अपील पर ध्यान देने का आह्वान किया। बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य पर विचार करते हुए उन्होंने टिप्पणी करते



हुए कहा कि पहले, हम कहते थे, अपना समय लें और बच्चा पैदा करें। लेकिन अब स्थिति बदल गई है और हमें अब यह कहना चाहिए इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक स्टालिन ने अपनी चिंताओं को जनसंख्या जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन लागू होने की संभावना से जोड़ा। उन्होंने कहा, हमने परिवार नियोजन को सफलतापूर्वक लागू किया और अब हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं।राज्य पर संभावित प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, स्टालिन ने अपना रुख मजबूत करते हुए कहा, इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि अपना समय लें, लेकिन तुरंत अपना बच्चा पैदा करें।

परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए, स्टालिन ने 5 मार्च को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

### बीजेपी के साथ गठबंधन करेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस?

## सामने आया उमर अब्दुल्ला का बड़ा बयान



एजेंसी

**जम्मू एवं कश्मीर:** जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी के साथ इस तरह के गठबंधन की न तो कोई गुंजाइश है और न ही इसकी कोई जरूरत है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके विचार काफी अलग हैं। जम्मू-कश्मीर बजट सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम (भाजपा के साथ) किसी गठबंधन की बात नहीं कर रहे हैं, न तो इसकी कोई गुंजाइश है और न ही इसकी जरूरत है। हमारे विचार भी मेल नहीं खाते। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर हम जम्मू-कश्मीर के बारे में बात करते हैं, तो हमारे विचार बहुत अलग हैं। हम (सत्र के दौरान) हर चीज पर चर्चा करेंगे। इससे पहले उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी सरकार लोगों से किये गये सभी वादों को पूरा करेगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कथित तौर पर छाया मंत्रिमंडल (शैडो कैबिनेट) गठित करने की आलोचना करते हुए कहा कि भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे देश में सिर्फ एक ही मंत्रिमंडल है।

## नए एयरपोर्ट, आधुनिक बस स्टैंड, चकाचक रोड; बिहार बजट में नीतीश सरकार के बड़े ऐलान

एजेंसी

**पटना:** बिहार की नीतीश सरकार ने सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। चुनावी साल के बजट में नीतीश सरकार ने नए एयरपोर्ट, आधुनिक बस स्टैंड, सड़कों के निर्माण की कई घोषणाएं कीं। डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी के बजट भाषण में महिलाओं, किसानों, उद्योगों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर खास फोकस किया गया।राज्य सरकार ने दावा किया है कि साल 2023 तक बिहार के किसी भी कोने से राजधानी पटना पहुंचने में अधिकतम 4 घंटे का समय लगेगा। इसके लिए पटना को सभी जिला मुख्यालयों से फोरलेन हाइवे से जोड़ा जाएगा। सभी शहरों में वंचित वर्ग एवं गरीबों के लिए नगर चिकित्सा सुविधा केंद्र खोले जाएंगे। महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट स्थापित होंगे और पिंक बसें चलाई जाएंगी।इसके अलावा राज्य सरकार धान और गेहूं की तर्ज पर अरहर, मूंग और उड़द आदि दालों



की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद करेगी। सभी अनुमंडलों और प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज स्थापित किए जाएंगे। बड़ी नदियों पर पुलों की संख्या और क्षमता बढ़ाई जाएगी, इससे आवागमन में सुविधा होगी। शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल खोले जाएंगे। नीतीश सरकार के बिहार बजट 2025 के बड़े ऐलान यहां पढ़ें-- पूर्णिया एयरपोर्ट 3 महीने में शुरू हो जाएगा, इसके अलावा राजगीर, सुल्तानगंज (भागलपुर) और रक्सौल में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनेंगे, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, वाल्मीकि नगर, वीरपुर (सुपौल), मधुबनी, मुंगेर और सहरसा में छोटे हवाई अड्डों का निर्माण होगा

- ग्रामीण सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए 17 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे
- पटना में महिला हाट खुलेगा, अन्य बड़े शहरों में चल रहे वेंडिंग जोन (व्यापार स्थल) में महिलाओं को अलग जगह मिलेगी
- गरीब कन्याओं के विवाह हेतु कन्या विवाह मंडप का निर्माण किया जाएगा
- बिहार के सभी जिलों में आधुनिक बस स्टैंड विकसित किए जाएंगे
- समस्तीपुर के पूसा में गुड़ के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोला जाएगा- पीपीपी मोड पर सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलेंगे, बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनेगा, अन्य जिलों में भी निजी मेडिकल खोलने को लेक प्रोत्साहित किया जाएगा
- हर अनुमंडल में अलग से रेफरल अस्पताल बनेगा- एससी, एसटी, अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को मिलने वाली प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति दोगुनी होगी


mAst App
Happy Birthday


Happy Birthday
जन्मदिन की
की हार्दिक
शुभकामनाएं
04-03-2025
बाबू शादाब सरवर


हिंदुस्तान जिंदाबाद !!!
भारतीय इंसान पार्टी जिंदाबाद !!!
भारतीय इंसान पार्टी
सब का साथ सब को इंसाफ
आप को देना है हमारा साथ
जागो इंसान जागो इंसान
समीउल्लाह अहमद
राष्ट्रीय अध्यक्ष
BHARTIYA INSAN PARTY
bhartyainsanparty@gmail.com
www.bhartiyainsanparty.com
Mob:-9717662041

# एस के मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 10 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद




समस्तीपुर। एस के मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 10 वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम महामहिम राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात, एस के मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एस के मंडल, सचिव श्रीमती मोनी रानी एवं उपस्थित सांसदों ने महामहिम राज्यपाल का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। संस्थागत परंपरा के अनुसार, राष्ट्रगान के बाद, राज्यसभा सांसद सह केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, स्थानीय सांसद श्रीमती शाम्भवी चौधरी, महाराजगंज सांसद जनार्दन प्रसाद सिग्रीवाल, सीतामढ़ी सांसद देवेशचंद्र ठाकुर एवं महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके पश्चात चेयरमैन एस के मंडल एवं सचिव मोनी रानी ने महामहिम राज्यपाल सहित सभी सम्मानित अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मंडल ने स्वागत भाषण दिया। समारोह में उपस्थित नर्सिंग, फामेर्सी एवं पैरा मेडिकल के विद्यार्थियों ने 100% समर्पण एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने एस के मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की 10 वर्षों की सफल यात्रा की सराहना की। जिसने सुदूर क्षेत्रों में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के प्रकाश का प्रसार किया है। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पूर्ण समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा का क्षेत्र संपूर्ण रूप से सामाजिक सेवा एवं मानवता की सेवा है, जिसमें धैर्य, समर्पण एवं निष्ठा की प्रतिदिन परीक्षा होती है। मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान आवश्यक है और ध्यान के लिए एकाग्रता, जो शांत वातावरण में ही संभव है। उन्होंने कहा कि इसी कारण प्राचीन काल में शिक्षण संस्थान दूर-दराज एवं एकांत स्थानों पर स्थापित किए जाते थे। उन्होंने विद्या ददाति विनयम श्लोक उद्धृत करते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया और कहा कि शिक्षा एवं ज्ञान का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत लाभ न होकर संपूर्ण समाज एवं राष्ट्र के कल्याण के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसमें करुणा और दया का भाव समाहित हो। उन्होंने श्रद्धावान लभते ज्ञानम्' का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रद्धा और समर्पण से ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति होती है। राज्यसभा सांसद सह केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि एस के मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दे रहा है, वह सराहनीय है। इस संस्थान ने बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया है,

# राज्यपाल पहुंचे धरमपुर अपने साथी के घर, अनिता राम, शाद अहमद ने किया स्वागत



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

समस्तीपुर। शहर के धरमपुर में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का निजी कार्यक्रम के तहत आज धरमपुर अपने पुराने साथी के यहां आगमन हुआ। इस अवसर पर उनके अगवानी के लिए शहर की मेयर अनीता राम समेत स्थानीय लोग काफी संख्या में मौजूद रहे। राज्यपाल महोदय अपने पुराने परिचित और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी सहपाठी महरूम प्रोफेसर मसरूर अहमद के परिवार से मिलने उनके निवास स्थान पर आये थे। ज्ञात हो प्रोफेसर मसरूर साहब बिरौली कॉलेज के प्रोफेसर रह चुके हैं, उनका 2019 में निधन हो गया था। उनके परिवार के सदस्यों से मिलने आये हुए थे। प्रोटोकॉल के तहत उनके अगवानी को शहर की मेयर अनीता राम मौजूद रहीं और उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बिहार में उच्च मानकता वाले संस्थान का खुलना आवश्यक है, ताकि यहां के छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर न जा सकें और समस्तीपुर में ही उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान साहेब के अगवानीं के लिए शाद अहमद, एजाजुल हक नन्हे, सुजय कुमार गुड्डू, मजहरूल हक , नीतीश कुमार सिन्हा के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# तेघड़ा कब्रिस्तान कमिटी के सदर जनाब मोहम्मद राजा करीम की नमाज -ए -जनाजा में उमड़ी हजारों की भीड



**जिला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल
- भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के मजबूत लीडर
- तेघड़ा कब्रिस्तान कमिटी के सदर तेघड़ा दनियालपुर निवासी जनाब मोहम्मद राजा करीम का 1 मार्च को इंतकाल हो गया। वे करीब 75 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली।
- जैसे ही उनके इंतकाल की खबर लोगों को मिली तो अंतिम झलक पाने के लिए उनके निवास में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।
- राजा करीम साहब एक ऐसे जिंदादिल इंसान थे जिन्होंने अपनी छात्र जिंदगी से ही गरीबों–मजदूरों–शोषितों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़कर उसका हक दिलाने का काम करते थे
- खास कर अल्पसंख्यकों के लिए अपने आप को आगे रखते थे
- तेघड़ा कब्रिस्तान की घेराबंदी में मुख्य रूप से इन्होंने अंजाम तक पहुँचाने का काम किया और पूरे समाज को एक मजबूत बंधन में बाँधकर रखा
- ऐसे शख्सियत जो किसी पहचान के मोहताज नहीं फिर भी गुमनाम के जिंदगी जीते हुए

लंबे समय से बीमार चल रहे थे बीमारी से लड़ते हुए ये जंग हार कर इस दुनियां से अलविदा हो गये इसी बीच भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी तेघड़ा अंचल परिषद के द्वारा दिवंगत नेता कॉमरेड मोहम्मद राजा करीम साहब के सम्मान में पार्टी का झंडा झुकाया गया और पार्टी का झंडा ओढ़ाकर सलामी देते हुए नम आँखों से दी अंतिम विदाईइस मौके जिला मंत्री अवधेश कुमार राय, तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह, अंचल मंत्री परमानन्द सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मंसूर आलम, जुलूम सिंह, हरेराम सिंह, सनातन प्रसाद सिंह, मनी भूषण सिंह, प्रदीप कुमार चिंटू, बाबु साहब मिश्र, बरखु सिंह, गाजी सलाहउद्दीन, मकबूल आलम, अब्दुस समद, महबूब आलम, राम प्रवेश सिंह, गनीमत हुसैन, नदीम अनवर, अजीत मिश्रा, कंचन किशोर, मो. शकील, जन सूरज के युवा प्रदेश महासचिव कन्हैया कुमार रिजवान उस्मानी अनवर हैरान साहिल अंसारी समेत हजारों गणमान्य लोग मौजूद थे। शनिवार को बाद मगरीब फुलवड़िया ईदगाह स्थित कब्रिस्तान में मिट्टी मंजिल कर दिया गया।

# शौच के बहाने धक्का देकर भागे अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के बासोपट्टी, थाना क्षेत्र में शौच का बहाना बनाकर पुलिस हिरासत से 10 फरवरी 2025 को भागे अपराधी को रविवार की देर रात बासोपट्टी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान दरभंगा जिला के मनीगाछी थाना क्षेत्र के बघाट के अमोल कुमार महतो के पुत्र रौशन कुमार के रूप में किया गया है ।जयनगर एसडीपीओ विप्लव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि रौशन कुमार शौच ले जाने के क्रम में चौकीदार को धक्का देकर हिरासत से भाग गया था गुप्त सूचना मिला कि वह अपने घर ट्रेन के रास्ते जा रहा था। जिस पर वरीय पदाधिकारी के के दिशानिर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। छापेमारी कर भागे अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

# आरएमसी हेल्थ क्लिनिक का उद्घाटन बीडीओ, सीओ, हेल्थ मैनेजर सहित अन्य द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया



**रोजनामा इंडो गल्फ**
**प्रखंड संवाददाता**

संवाददाता हुसैनगंजःप्रखंड मुख्यालय के स्थानीय हुसैनगंज में हैदरी मार्केट बाजार रोड में प्रसूति एवं महिला रोग विशेषज्ञ डा.श्वेता चौधरी के आर. एम.सी.( मेडिकल क्लिनिक ) का शुभ उद्घाटन स्थानीय प्रखंड के बीडीओ राहुल कुमार, सीओ दिव्य प्रकाश,हेल्थ मैनेजर एसरारुलहक उर्फ डीजू, सरपंच प्रेम यादव, वरीय शिक्षक राजेश कुमार चौधरी, अशोक कुमार चौधरी सहित अन्य द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर सीओ दिव्य प्रकाश ने डा.श्वेता चौधरी को आशीर्वाद व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हुसैनगंज प्रखंड में महिला डाक्टर की बहुत कमी थी। यह आर एम सी हेल्थ केयर खुल जाने से प्रखंड क्षेत्र के महिलाओं को ईलाज के लिए अब सिवान या अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं बीडीओ राहुल कुमार ने डाक्टर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रसूति एवं महिला रोग विशेषज्ञ महिला डाक्टर सिवान के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं मिलती है पैसों के अभाव में गरीब, मजदूर व असहाय महिलायें अपना ईलाज बेहतर ढंग से नहीं करा पाती है। इस क्लिनिक के खुल जाने से अब महिला मरीजों को इधर उधर भटकना नहीं पडेगा। सरपंच प्रेम यादव ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि डाक्टर श्वेता हुसैनगंज गाँव की ही रहने वाली है इनसे 24 घंटे भेंट होती रहेगी। अशोक चौधरी ने कहा कि इनके क्लिनिक में महिला मरीज आकर बेहिचक अपना ईलाज करा सकती हैं। ये एक अनुभवी और तेज तर्रार महिला डाक्टर हैं। वहीं डाक्टर श्वेता चौधरी ने कहा कि मेरे पास महिलाओं संबंधित सभी प्रकार के बिमारियों की ईलाज सिजेरियन सहित की जाती है। डाक्टर ने कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी महिला ईलाज से वंचित नहीं रहेगी ।गरीब मरीजों की विशेष छुट मिलेगी। इस अवसर पर फिल्म एक्टर सुजीत कुमार, रमेश कुमार चौधरी, एकाउंटेंट कृपा शंकर, पत्रकार खुर्शीद अहमद, साजिद हुसैन, पूर्व सरपंच लड्डुन, मो.हारुन सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों सहित महिलायें उपस्थित थी।

# सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की बड़ी कार्रवाई: भारत-नेपाल सीमा पर जाली मुद्रा सहित अन्य सामान जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मो. अबु बकर सिद्दीकी

48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नेपाल से भारत में हो रही तस्करी पर करारा प्रहार करते हुए जाली भारतीय व नेपाली मुद्रा सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की और एक तस्कर को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई बिहार के मधुबनी जिले के बसोपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर बीओपी जांकिनगर के पास की गई ।अभियान की प्रमुख बातेंः स्थानः सरिता गाछी के पास, भारतीय सीमा के अंदर लगभग 20 मीटर। समयः 01 मार्च 2025, शाम 5:50 बजे ।ऑपरेशनः विशेष गश्ती अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई ।तस्करी मार्गः नेपाल से भारत ।यह कार्रवाई तस्करी व अवैध गतिविधियों के खिलाफ सशस्त्र सीमा बल की सतर्कता और प्रतिबद्धता को दशार्ती है। जाली मुद्रा की तस्करी देश की अर्थव्यवस्था व सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। हमारी टीम ने इस ऑपरेशन में असाधारण मुस्तैदी का परिचय दिया है। मैं सभी जवानों को इस सफलता के लिए बधाई देता हूँ ।

# 12वां सालाना उर्स महबूब उल औलिया व हुसैनी चिश्तिया महफि ल का सफल आयोजन




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सिमरा शरीफ (झारखंड),** 2 मार्च 2025 झ हुसैनी चिश्तिया अंजुमन सिमरा शरीफ के तत्वावधान में 12वां सालाना उर्स महबूब उल औलिया व हुसैनी चिश्तिया महफि ल का भव्य आयोजन किया गया। इस पवित्र मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और सूफियाना माहौल में इबादत व दुआएं कीं ।कार्यक्रम की शुरूआत चादरपोशी से हुई, जिसके बाद हुसैनी दरबार खानकाह में मजलिस का आयोजन किया गया। अकीदतमंदों ने नात-ओ-मंकबत पेश की और सूफियाना कलामों से महफि ल को रूहानी बना दिया। इसके बाद शाही लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें सभी अकीदतमंदों ने शिरकत की। तबरुर्कात की तकसीम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।इस मौके पर कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें शामिल थेःसूफी अलाउद्दीन हसन बुरहानी, इमामुद्दीन इमा, मजहर अय्यूब, हाफिज वारिस अली चिश्ती, सूफी अब्बास अली चिश्ती, मुमताज शराफत चिश्ती, कायम हुसैन शराफाती, तबारक हुसैन शराफत, मुबारक हुसैन शराफत, बदरुद्दीन शराफत, मनीर शराफत, रफीक शराफत, सिद्दीकी शराफती, सनाउल शराफत, हदीस अंसारी, हाफिज शाहबाज चिश्ती धनबाद, दमा दे महबूब उल आलिया अलहाज मौलाना गुलाम सरवर, सूफी अफरोज आलम चिश्ती, मोहम्मद बाबर बिस्मिल, मोहम्मद शाहिद हुसैन गिरिडीह, प्रकाश कुमार मंडल गोड्डा, पवन कुमार मंडल जांबाज, सूफी सीरउद्दीन चिश्ती, रजब शराफत, अत्ताउल्लाह अंसारी धनबाद, इब्राहिम खान अमेठी, लाइक खान रायबरेली, महफूज शराफत, अली मोहम्मद, अब्दुल हलीम चिश्ती, कलीम चिश्ती, प्रधान चिश्ती, निजाम चिश्ती, सूफी मुस्लिम चिश्ती, मोहम्मद शमी चिश्ती, मुजफ्फर हुसैन कोलकाता, अनवर चिश्ती दिल्ली, कमल चिश्ती लालगढ़ ।आयोजन समिति ने सभी अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया और इस रूहानी महफि ल की कामयाबी के लिए अल्लाह का शुक्र अदा किया।

# मधुबनी जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध लगातार आम जनमानस के बीच जन जागरूकता एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को बाल श्रम के विरुद्ध सजगता



**रोजनामा इंडो गल्फ**
**प्रखंड संवाददाता**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध लगातार आम जनमानस के बीच जन जागरूकता एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को बाल श्रम के विरुद्ध सजगता एवं धावा दल के द्वारा बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन निरीक्षण एवं व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम मे आज दिनांक-03.03.2025 को श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पंडौल, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रहिका, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बाबूबरही एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हरलाखी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बिस्फी एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बासोपट्टी, के नेतृत्व में पंडौल प्रखंड अंतर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु धावा दल के द्वारा विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया तथा निरीक्षण के क्रम में मेसर्स इमरान ऑटो मोबाइल पंडौल से 01 एवं मेसर्स मंडल टेलर्स, सारीसवपाही से 01, कुल-02 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया ।विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति, मधुबनी के समक्ष उपस्थापित कर निदेर्शानुसार उन्हें बाल गृह में रखा गया है ।बाल एवं किशोर श्रम ( प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत नियोजक के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है ।श्रम अधीक्षक आशुतोष झा ने बताया कि बाल श्रमिकों से किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत गैरकानूनी है तथा बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को ?20000 से ?50000 तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक के कारावास का प्रावधान है ।इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा एम सी मेहता बनाम तमिलनाडु सरकार 1996 में दिए गए आदेश के आलोक में नियोजकों से ?20000 प्रति बाल श्रमिक की दर से अलग से राशि की वसूली की जाएगी जो जिलाधिकारी के पदनाम से संधारित जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष में जमा किया जाएगा ।

# बेगूसराय के मटिहानी थाना से दरोगा ने ही चोरी कर लिया कमांडर जीप

**जिला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- चोरी करवाने वाले दरोगा सहित चार गिरफ्तार
- एसपी ने दरोगा सुजीत कुमार को किया निलंबित




मटिहानी / बेगुसराय बेगूसराय जिले में पुलिस ही चोर बनकर थाना से कमांडर जीप गायब कर दिया। जनता के बीच पुलिस की जो गलत छवि की चर्चा होती है आज सत्य साबित हो गया है। मामला बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना का है। मटिहानी थाना में पदस्थापित दरोगा ने ही साजिश रचकर बरामद कमांडर जीप थाना से चोरी कर लिया। इसमामले में मटिहानी थाने के तत्कालीन मालखाना प्रभारी पु.अ.नि. सुजीत कुमार के द्वारा दिनांक-15.02.2025 की रात्रि में योजनानुसार कांड में जप्त प्रदर्श (कमांडर जीप) को अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर प्रदर्श की चोरी करवाते हुये बदल देने के आरोप में पुलिस टीम के द्वारा उनके अन्य 03 सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। बेगूसराय के एसपी मनीष ने रविवार को बताया कि दिनांक 28.02.2025 को मटिहानी थानाध्यक्ष अपने थाने परिसर में भ्रमण के दौरान देखे की थाना परिसर में एक कांड का प्रदर्श (कमांडर जीप) जो देखने में

थाने में खड़ी जब्त जीप

काफी पुराना एवं बदला हुआ लग रहा है को संदेह होने पर थाने का सीसीटीवी फुटेज को दिखवाया गया तो पाया गया की उक्त प्रदर्श को दिनांक-15.02.2025 की रात्रि में समय करीब 11:45 बजे तत्कालीन मालखाना प्रभारी मटिहानी थाना के द्वारा प्रदर्श को 03 सहयोगियों के साथ गाड़ी को थाने से बाहर ले जाया गया तथाचोरी के बाद लगी

जर्जर जीप

एक पुराना गाड़ी को लाकर थाने में उसी स्थान पर लगा दिया गया। तत्पश्चात मटिहानी थानाध्यक्ष के द्वारा वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराते हुये सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे व्यक्तियों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करते हुये प्रदर्श की चोरी करने एवं बदल देने के मामलें में संलिप्त पुलिस पदाधिकारी पु.अ.नि. सुजीत कुमार (तत्कालीन मालखाना प्रभारी मटिहानी थाना) एवं अमित कुमार उर्फ गोनू पिता विश्वनाथ सिंह, मुकुंद कुमार सिंह उर्फ कारी पिता-महेन्द्र प्रसाद सिंह दोनों ग्राममटिहानी वार्ड नंबर-10 थाना-मटिहानी जिला-बेगूसराय एवं मो. जाकीर पिता-स्वर्गीय मो. हरीफ ग्राम सैदपुर वार्ड नंबर-14 थाना मटिहानी जिला-बेगूसराय को पकड़ा गया तथा पूछताछ करते हुये सभी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। बेगूसराय के एसपी मनीष ने घटित घटना को गंभीरता से लेते हुये मटिहानी थाने के तात्कालीन मालखाना प्रभारी पु.अ.नि. सुजीत कुमार को निलंबित करते हुये विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का आदेश दिया गया है। एसपी के निदेशार्नुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 बेगूसराय भास्कर रंजन के नेतृत्व में घटना के सभी पहलुओं पर छानबीन करते हुये चोरी के प्रदर्श की बरामदगी करने एवं अन्य संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी करते हुऐ विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में मटिहानी थाना कांड संख्या-37/25 दिनांक-01.03.25 धारा-303 (2)/316(2)/316(5) /318(4)

# किसान मेला - सह- प्रदर्शनी कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन

## जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, बिंदु गुलाब यादव अध्यक्ष ,जिला परिषद मधुबनी , जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार चौधरी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**




मधुबनी में किसान मेला - सह- प्रदर्शनी एवं यशस्वी किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जिला कृषि कार्यालय, मधुबनी के प्रांगण में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, बिंदु गुलाब यादव अध्यक्ष ,जिला परिषद मधुबनी , जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार चौधरी, मंगलानंद झा एवं डॉ एस के गंगवार वरीय वैज्ञानिक - सह - प्रधान , कृषि विज्ञान केंद्र , बसैठा / सुखेत के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए किसान बंधु जलवायु अनुकूल कृषि के कार्यक्रम अपनाए और जलवायु परिवर्तन के अनुरूप अपनी खेती को आगे बढ़ाएं ताकि जलवायु परिवर्तन बाधक न हो ।उन्होंने अपने संबोधन के क्रम में सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया कि पीएम कुसुम योजना , पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना तथा जल संरक्षण , जल संचयन के योजनाओं को अपनाते हुए जल का सदुपयोग करें , ताकि आने वाले दिनों में पीने के जल का संकट से जूझने की नौबत नहीं आए ।उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि आप अपने जल श्रोतों यथा निजी चापाकलो, कुओं आदि के पास सोखता का निर्माण अवश्य करे साथ ही छत वर्षा जल संचयन को भी अपनाए,ताकि अधिक से अधिक जल संचयन किया जा सके। जिला परिषद अध्यक्ष , बिंदु गुलाब यादवके द्वारा किसानों को संबोधन के क्रम में बताया गया कि किसान भाई वैज्ञानिकों के द्वारा अनुशंसित तकनीक का प्रयोग अपने खेतों पर करें तथा जैविक खाद का उपयोग करते हुए अपनी खेती करें ।जिससे आपके पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी श्री ललन कुमार चौधरी ने किसानों से अनुरोध किया कि धान, गेहूं की खेती के साथ-साथ किसान अगर मक्का की खेती करते हैं तो उन्हें ज्यादा लाभ होगा ।साथ ही गरमा में किसान बंधु मड़ुआ का खेती की तरफ आगे बढ़े और अपनी खेत को मड़ुआ की फसल से आच्छादित करें ।इस अवसर पर जिले के किसानों के द्वारा तरह-तरह के फल फूल एवं सब्जियां का स्टॉल लगाया गया था तथा कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत कृषि यंत्र आपूर्ति करने वाले प्रतिष्ठानों के द्वारा प्रतिष्ठानों के द्वारा कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी ।

इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, श्री गौतम कुमार , उप परियोजना निदेशक , आत्मा, श्री राकेश कुमार राहुल, सहायक निदेशक , उद्यान डॉ सुजीत कुमार , जिला पशुपालन पदाधिकारी, डॉ राजेश, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, के साथ-साथ जिले के सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी , प्रखंड कृषि पदाधिकारी , प्रखंड तकनीकी प्रबंधक , सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे

# भारत नेपाल सीमा पर मुस्तैद एसएसबी एवं बासोपट्टी पुलिस के संयुक्त कारवाई में मिली बड़ी सफलता



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

भारत नेपाल सीमा पर मुस्तैद एसएसबी एवं बासोपट्टी पुलिस के संयुक्त कारवाई में मिली बड़ी सफलता को लेकर जयनगर डीएसपी विपल्व कुमार ने सोमवार को बासोपट्टी थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता कर खुलासा किया है कि स्थानीय पुलिस एवं जानकीनगर एस एस बी को गुप्त सूचना मिली कि बीते दो मार्च को भारत नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 277/01 के पास जाली नोट लेकर नेपाल से भारत आने के फिराक में एक तस्कर कोशिश में है।जिसकी बात की सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया गया।उनके दिशा निर्देश पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन कर एसआई मुन्ना कुमार, कंचन कुमार सिंह सहित पुलिस बल ने निशानदेही पर पंडौल थाना के बिठूआर का रहने वाले मोहम्मद हाजी ओवैसी उर्फ मुंशी जी को गिरफ्तार किया एवं नगर थाना मधुबनी के अंतर्गत कोतवाली चौक वार्ड 42 का मोहम्मद रसीद जमाल उर्फ कमाल को गिरफ्तार किया गया।बताते चलें कि एसएसबी एवं पुलिस ने संयुक्त कारवाई के दौरान बासोपट्टी थाना क्षेत्र के सरिता गाछी के पास जयनगर थाना के बलडीहा गांव का मोहम्मद ताहिर को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया।इस मामले में जानकीनगर एसएसबी निरीक्षक सामान्य भगवान सहाय मीणा के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के निशानदेही पर विभिन्न जगहों पर छापेमारी किया एवं संलिप्त दो व्यक्ति को फिलहाल गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।डीएसपी ने आगे बताया है कि इस मामले की गहन अनुसंधान जारी है।पुलिस ने मोहम्मद ताहिर के पास से एक प्लेटिना बाईक, एक रेडमी मोबाईल, भारतीय मुद्रा 13,800 एवं नेपाली मुद्रा 6500 सभी जाली नोट एवं मोहम्मद रसीद जमाल के पास से एक हजार का जाली नोट एवं एक होंडा साईन बाईक जब्त किया है।जाली नोट मामले में संलिप्त व्यक्तियों को हर हाल में बक्शा नहीं जायेगा।छापेमारी दल में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार,पुलिस अवर निरीक्षक प्रिया कुमारी, कंचन कुमार, मुन्ना कुमार एवं एसएसबी उप कमाडेंट विवेक ओझा सहित अन्य जवान शामिल थे।मौके पर अपर थानाध्यक्ष गौरव कुमार,सुशील कुमार सहित कई अधिकारी पुलिस मौजूद थें।

# देश के आम नागरिकों पर मोदी जी ने 176 लाख करोड़ कर्ज़ का बोझ बढ़ाया - मनोज

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**



मधुबनी जिला जयनगर आज बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन और बिहार राज्य किसान सभा अंचल कार्यालय सह प्रखंड कार्यालय पर जोरदार आक्रोशपूर्ण रैली जयनगर शहीद चौक से गगनभेदी नारों के साथ प्रदर्शन किया।रैली प्रखंड कार्यालय पर सभा में तब्दील हो गया, सभा की अध्यक्षता उपेन्द्र यादव ने किया।सभा को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव मनोज कुमार यादव ने जमकर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बरसे, उन्होंने कहा कि बिहार के डबल इंजन की सरकार जनता के खिलाफ नीतियों का निर्माण कर रहा है, बिहार के लोग रोजी रोटी के लिए दुसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं और जनता से सरकार का कोई सरोकार नहीं है, उन्होंने कहा वर्ष 14-15 में देश पर 64 लाख करोड़ रुपए कर्ज का बोझ था और 23-24 में मोदी ने कर्ज.बढ़ाकर 176 लाख करोड़ रुपए कर दिया, सुंदर सपना दिखाकर देश को डुबोया, आज शेयर बाजार में एक दिन में 25 लाख करोड़ रुपए जनता की गाढ़ी कमाई लुट गई,देश की माली हालत गंभीर है और प्रधानमंत्री गरीबों को और गरीब बना रहा है। बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला सचिव शशिभूषण प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज जयनगर सहित पुरे जिला में सरकारी कार्य लोगों को वगैर रिश्वत से कोई काम नहीं हो रहा है, बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार है, मनरेगा में रोजगार नहीं दिया जा रहा है , जॉब कार्ड में हजार रुपए तक लिया जा रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना में 25 हजार रुपए घूस लिए जा रहे हैं, अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 वापस ले, यहां तक कि पेंशन योजनाओं के साथ एक राशनकार्ड बनाने में चार हजार रुपए उगाही हो रहा है जिसका एक हिस्सा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से उपर तक देना पड़ता है, लोगों को एक किलो अनाज कम दिया जा रहा है बड़े स्तर पर अनाज का कालाबाजारी हो रहा है। बिहार राज्य किसान सभा के जिला अध्यक्ष रामजी यादव ने कहा कि किसानों की हालात बेहद खराब है, बिहार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू नहीं किया गया,फसल बीमा में बनाए गए नए नियम को रद्द करने, किसानों को ऋण माफ करने की मांग किया।सभा को बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला सचिव शशिभूषण प्रसाद, अधिवक्ता चन्देश्वर प्रसाद, अधिवक्ता कुमार राणा प्रताप सिंह,राजीव कुमार सिंह,विजय पासवान दलित मुक्ति मंच के जिला सचिव, शिव कुमार यादव, पवन कुमार यादव, मोहम्मद मंजूर ,मोहम्मद अली हसन शेख, मंजू देवी ,उर्मिला देवी,गंगा राम सिंह,सुरेश यादव, मुनिदर पासवान, अनिता देवी, पंचू पासवान, रोशन बैठा, सुभाष चौधरी के अलावे अन्य ने सभा को सम्बोधित किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक



**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर,**

छपरा, जिलाधिकारी श्री अमन समीर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली बैठक में दिये गए निदेशों के अनुपालन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पंचायतीराज विभाग के तहत सभी पंचायत सरकार भवन के लिये भूमि की उपलब्धता एवं ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन को लेकर दिशा निर्देश दिया गया।ग्रामीण विकास विभाग के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पारदर्शिता के साथ सर्वेक्षण के कार्य पूरा करने का स्पष्ट निदेश दिया गया।एलएसबीए के तहत यूजर चार्ज के संग्रहण पर विशेष बल देने को कहा गया। सहकारिता विभाग के तहत धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूरा करने को कहा गया।भंडारण क्षमता बढ़ाने हेतु नये गोदामों के निर्माण के लिये जमीन की उपलब्धता के लिये कार्रवाई करने को कहा गया।

आपूर्त्ति विभाग के अंतर्गत पीडीएस दुकानों की नियमित जाँच, लाभुकों के ई-केवाईसी, योग्य लोगों को राशन कार्ड निर्गत करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

कृषि विभाग के अंर्तगत किसानों का निबन्धन, पीएम किसान सम्मान निधि के नए आवेदन आदि को लेकर महत्वपूर्ण निदेश दिया गया। जल संसाधन/लघु जल संसाधन विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना , नहरों के रख रखाव, सिंचाई की नई संरचनाओं के निर्माण आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अन्तर्गत पशु चिकित्सालय के लिए जमीन की उपलब्धता, मत्स्य बाजार के निर्माण, पशुओं के लिए स्थायी बाढ़ आश्रय स्थल के लिये जमीन की उपलब्धता आदि को लेकर आवश्यक निदेश दिया गया।

न्यायालय से संबंधित मामलों में सभी संबंधित अधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दाखिल करने को कहा गया।

बैठक में अपर समाहर्त्ता, बंदोबस्त पदाधिकारी, नगर आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

# मधुबनी में किसान मेला - सह- प्रदर्शनी एवं यशस्वी किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मो. अबु बकर सिद्दीकी

मधुबनी में किसान मेला - सह- प्रदर्शनी एवं यशस्वी किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जिला कृषि कार्यालय, मधुबनी के प्रांगण में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, बिंदु गुलाब यादव अध्यक्ष ,जिला परिषद मधुबनी , जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार चौधरी, मंगलानंद झा एवं डॉ एस के गंगवार वरीय वैज्ञानिक - सह - प्रधान , कृषि विज्ञान केंद्र , बसैठा / सुखेत के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए किसान बंधु जलवायु अनुकूल कृषि के कार्यक्रम अपनाए और जलवायु परिवर्तन के अनुरूप अपनी खेती को आगे बढ़ाएं ताकि जलवायु परिवर्तन बाधक न हो ।उन्होंने अपने संबोधन के क्रम में सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया कि पीएम कुसुम योजना , पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना तथा जल संरक्षण , जल संचयन के योजनाओं को अपनाते हुए जल का सदुपयोग करें , ताकि आने वाले दिनों में पीने के जल का संकट से जूझने की नौबत नहीं आए ।उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि आप अपने जल श्रोतों यथा निजी चापाकलो, कुओं आदि के पास सोखता का निर्माण अवश्य करे साथ ही छत वर्षा जल संचयन को भी अपनाए,ताकि अधिक से अधिक जल संचयन किया जा सके। जिला परिषद अध्यक्ष , बिंदु गुलाब यादवके द्वारा किसानों को संबोधन के क्रम में बताया गया कि किसान भाई वैज्ञानिकों के द्वारा अनुशंसित तकनीक का प्रयोग अपने खेतों पर करें तथा जैविक खाद का उपयोग करते हुए अपनी खेती करें । जिससे आपके पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी श्री ललन कुमार चौधरी ने किसानों से अनुरोध किया कि धान, गेहूं की खेती के साथ-साथ किसान अगर मक्का की खेती करते हैं ।

# शिवी कम्युनिटी हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**



शिवी कम्युनिटी हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

पटना, राजधानी पटना के शिवी कम्युनिटी हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

होली मिलन समारोह का आयोजन मोहाये इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, सिटीजेन केयर ग्रुप, रिलायबल इंडिया के एमडी विनय पाठक और शिवी फाउंडेशन की सचिव श्रीमती मधु मंजरी ने साथ मिलकर किया।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गयी।मौके पर अतिथि के रूप में अयोध्या भरतकुंड के महाराज जी उपस्थित रहे। इसके अलावा जानीमानी पार्श्वगायिका देवी, निशा उपाध्याय,गोल्डमैन प्रेम सिंह,वीणा मानवी, अंकिता झा, दीपक कुमार,बबीता मिश्रा, डा. अमृता,ब्रहकुमारी से संगीता जी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजनबी आाकाश ने किया।

होली मिलन समारोह ने लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्याक्रम का भी आयोजन किया गया जिसे लोगों ने बेहद पसंद किया।कार्यक्रम में देवी, निशा उपाध्याय अभिलाषा सिन्हा, गुड्डु पाठक समेत कई कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर लोगों का दि जीत लिया इस अवसर पर विनय पाठक ने कहा कि होली मिलन समारोह एकता का प्रतीक है। यह त्योहार गिले-शिकवे को दूर करने का है। पुराने गिले-शिकवे को भूलकर एक-दूसरे को गले लगाया जाता है।होली का रंग ऐसा रंग है जिसमें सभी मस्त मगन होकर नाचते और गाते हैं साथी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हैं।

मोहाये इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड की एमडी ज्योति सिंह कहा कि होली रंगों का त्योहार होने के साथ-साथ भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। होली, दीपावली, ईद आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं।यह त्योहार आपसी सद्भावना का प्रतीक है। सारे भेदभाव भूलाकर उसे मनाना चाहिए।होली का त्योहार रंगों का त्योहार होने के साथ साथ आपसी प्रेम भाईचारे एवं सौहार्द का त्योहार है।

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई आयोजित।।
जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ ससमय निष्पादन करे- जिलाधिकारी।
नीलाम पत्र वादों का तेजी से निष्पादन करने का निर्देश।
माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर करे कार्य करने का निर्देश ।
सिडब्लूजेसी में शिक्षा,भूअर्जन विभाग में सबसे अधिक मामले लंबित , हर हाल में ससमय सेवांत लाभ उपलब्ध करवाने का दिया निर्देश। सभी *शाखा के वरीय पदाधिकारी अपने संबंधित शाखा का नियमित निरीक्षण करे, लॉग बुक सहित सभी पंजीयों का करे का नियमित जांच ।
जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ* विभिन्न कार्यालय गतिविधियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा जिला नीलाम पत्र वाद , जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सी पी ग्राम, जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, माननीय उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों, सूचना का अधिकार, मानवाधिकार आदि से संबंधित मामलों की बारी बारी से समीक्षा की गई। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियो को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिदिन कम से कम चार-पाँच मामले की सुनवाई करे। सेवांत लाभ की समीक्षा के क्रम में ससमय सेवांत लाभ उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि रिटायर होने वाले कर्मियों से 6 माह पूर्व से ही उनके सेवांत लाभ से संबधित भुगतान के लिए प्रस्ताव स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकार को भेज दें ताकि सेवा निवृत्ति के दिन ही उन्हें सभी प्रकार के सेवांत लाभों को दिया जा सके।उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यवाही के मामले में संचालन पदाधिकारी निर्धारित अवधि के अंदर अपनी रिपोर्ट दे।कर्मियों के लॉगबुक की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालयों में लॉग बुक का संबधित पदाधिकारी नियमित रूप से जाँच करे।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय से संचिकाओं को प्रस्तुत नही करने वाले सहायकों पर करवाई करे। उन्होंने कहा कि सभी शाखा के वरीय पदाधिकारी अपने संबंधित शाखा का नियमित जांच करे साथ ही लॉग बुक सहित सभी महत्वपूर्ण पंजीयों के संधारण पर पूरा ध्यान दें।मुख्यमंत्री जनता दरबार एवं जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की निष्पादन की समीक्षा के क्रम में पुलिस, राजस्व,शिक्षा एवं आईसीडीएस में सबसे अधिक आवेदन लंबित पाए गए।जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय से निष्पादन करना सुनिश्चित करें ।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि साप्ताहिक समीक्षा बैठक का परिणाम नजर आनी चाहिए एवं लंबित मामलों को हर हाल में शून्य करें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी नियमित रूप से लॉग बुक,सूचना केअधिकार पंजी, सहित सभी महत्वपूर्ण पंजियो का नियमित से निरीक्षण करें ताकि यह सुनिश्चित कर सके कि ससमय मामलों का निष्पादन हो सके।उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर कार्य करे ।इसमें थोड़ी भी शिथिलता या लापरवाही बरदाश्त नही की जाएगी।समीक्षा के क्रम में सिडब्लूजेसी में शिक्षा विभाग में 32 एवं भूअर्जन विभाग में 11 सबसे अधिक मामले लंबित, पाए गए।जिलाधिकारी इस पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रगति लाने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में प्रभारी डीडीसी नीरज कुमार,

# आग लगाने से होटल जलकर राख

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर।जिले के कल्याणपुर प्रखंड के बरहेता पंचायत के बकमारा पुल के समीप एक बन्द पड़े लाइन होटल में आग लगने से बगल में चल रहे दुसरे लाइन होटल में भी आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गये। आग लगने से होटल में रखे लाखों रुपए की सभी समान जल कर राख हो गया।मिली जानकारी के अनुसार जटमलपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामनाथ मिश्र का पुत्र अजीत मिश्रा व अरुण मिश्रा के होटल जले। वही अजीत मिश्रा का बताना है कि पांच दिन से बन्द कर के सभी लोग दरभंगा डेरा पर थे की अचानक होटल में आग लगने की सूचना मध्य रात्रि को मिली।आग लगने की सूचना मुखिया जन्मेजय ठाकुर ने सीओ शशि रंजन को दी।इस संबंध में सीओ शशि रंजन ने बताया कि सूचना मिली है पोषक क्षेत्र के कर्मचारियों को भेजा जा रहा है।रिपोर्ट आने के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी (ग्रामीण) ने होली को लेकर मशरक थाना में की समीक्षा बैठक, गश्त बढ़ाने का निर्देश



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

एसपी (ग्रामीण) शिखर चौधरी ने मशरक थाना परिसर का निरीक्षण किया और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह और अपर थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालय में संधारित पंजियों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। एसपी ग्रामीण ने पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया और अपराध नियंत्रण व विधि-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करने का सुझाव दिया। निरीक्षण में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बेहतर कार्यशैली अपनाने, पारदर्शिता बनाये रखने और जनता के प्रति संवेदनशीलता बरतने की सलाह दी। एसपी ग्रामीण के निरीक्षण से पुलिस प्रशासन में और अधिक सक्रियता और जवाबदेही आने की उम्मीद है। होली पर पिछले वर्षों में हुए समारोहों का अध्ययन कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के अकाउंटों की विशेष निगरानी के निर्देश भी दिए हैं। वहीं आगामी पर्वों को लेकर गांवों के प्रतिनिधियों व शांति समितियों के साथ बैठक करके आयोजनों की जानकारी हासिल कर लें। बैठक में अगर कोई विवादित मुद्दा सामने आता है तो तत्काल उसका हल निकाला जाए। उन्होंने कहा कि होलिका दहन को लेकर सारी तैयारियां पहले ही पूर्ण कर ली जाएं। खासतौर पर पूर्व में विवादित रहे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। हर इलाके में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कराई जाएंगी, जिससे शांति और सौहार्द बना रहे। वहीं होली के दिन संवेदनशील इलाकों में गश्त को और प्रभावी बनाया जाएगा। संदिग्ध और अराजक तत्वों की पहले से पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जहरीली शराब से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी।उन्होंने कहा कि होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए, इसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी।

# हसनपुर-बिथान रेलखंड निरीक्षण के दौरान डीआरएम का सम्मान, यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। समस्तीपुर के डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने सोमवार को ओएचई निरीक्षण यान से हसनपुर - बिथान रेल खंड का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन प्लेटफॉर्म, ओवरहेड वायर, बिजली पावर हाउस सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए ग्रामीणों ने दो पैसेंजर ट्रेनों के सुचारू संचालन और मालगाड़ी सेवा जल्द शुरू करने की मांग रखी, जिस पर डीआरएम ने विभागीय आदेशानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप सिंघी ने डीआरएम श्रीवास्तव को मोमेंटो और चादर भेंटकर सम्मानित किया। बिथान बाजार निवासी आकाश कुमार ने हसनपुर से पटना के लिए डायरेक्ट एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा, बिथान में जल्द से जल्द ट्रेन सेवा शुरू करने तथा रैकपॉइंट मालगाड़ियों का संचालन बहाल करने हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम में आलोक कुमार महतो, दिनेश मुखिया, जीतू कुमार, सावन कुमार, पप्पू कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मंच की यह पहल क्षेत्रीय रेल सुविधाओं के विस्तार और विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# अज्ञात वाहन के ठोकर से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**




समस्तीपुर। जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोसड़ा समस्तीपुर मुख्य मार्ग पर अज्ञात अनियंत्रित वाहन की ठोकर से पैदल जा रहे एक युवक की हो गई मौत। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। घटना विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट के पास की बताई जा रही है, जहां पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृत युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कर उसके परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई है। उक्त युवक की पहचान खगड़िया जिले के वभवनगामा गांव वार्ड संख्या 6 निवासी कमलेश्वरी तांती के 38 वर्षीय पुत्र के रूप में हुई है। वही आसपास के स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त युवक रोसड़ा की तरफ पैदल ही जा रहा था, उसी दौरान एक अज्ञात दूध टैंकर वाली गाड़ी ओवरटेक करने के दौरान उसे कुचल दिया। हल्ला होने पर जब तक ग्रामीण वहां पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी और चालक अपनी वाहन को लेकर भाग चुका था। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों की भीड़ में से किसी ने इसकी जानकारी विभूतिपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही मौके पहुंची पुलिस ने आधार कार्ड से उसकी पहचान कर मृतक के परिजनों को सूचना दी। वहीं इस घटना के संबंध में विभूतिपुर के थाना अध्यक्ष आनंद कश्यप ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सड़क दुर्घटना की सूचना दूरभाष पर मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान की है। परिजनों के पहुंचने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक नेता राम देव वर्मा ने किया मैट्रिक मूल्यांकन सेंटर का दौरा

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



**समस्तीपुर।** सोमवार को बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य मूल्यांकन परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं गोल्फ फील्ड रेलवे कॉलोनी उच्च माध्यमिक विद्यालय समस्तीपुर के पूर्व प्राचार्य शाह जफर इमाम एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं शिक्षक नेता रामदेव राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य सरकार सहायक शिक्षक, नियोजित शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक एवं विद्यालय अध्यापक जैसे विभिन्न शब्दावलियों का प्रयोग कर शिक्षकों को मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। समस्तीपुर जिले के विभिन्न मैट्रिक मूल्यांकन केन्द्रों के दौरे के दौरान मूल्यांकन केन्द्र निदेशकों, प्रधान परीक्षकों, सह-परीक्षकों, चेकरों-मेकरों, एमपीपी एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों से मिलने के दौरान कहीं। उन्होंने शिक्षकों कर्मचारियों से अपील कि अपनी एकता बनाये रखें। उन्होंने मांग की है सभी प्रकार के शिक्षकों का वेतनमान, सेवा शर्तें एवं अन्य प्रकार की सुविधाएं समान होनी चाहिए। दोनों शिक्षक नेताओं ने मॉडल इंटर विद्यालय, श्री कृष्ण उच्च माध्यमिक विद्यालय जितवारपुर, श्री सुंदर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्तापुर, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय काशीपुर एवं तिरहुत एकेडमी मूल्यांकन केंद्रों का दौरा कर सैकड़ों शिक्षकों कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान विभिन्न मूल्यांकन केंद्रों पर दिनेश राय, डॉ संजय कुमार राय सुमन, मो नदीम खान, फैयाज जहां सिद्दीकी, मो इस्लाम, अनुपम कुमारी, राम डॉ रूखसाना जमील, राम स्वार्थ सिंह, डॉ बेबी कुमारी, सविता कुमारी, सुरेंद्र कुमार, शंकर मांझी, सुनील कुमार, अरविंद कुमार राम, डॉ अर्जुन कुमार राय, राम मनोहर दास, अशोक कुमार साह, प्रिय रंजन ठाकुर, गुंजेश कुमार झा सहित दर्जनों की संख्या में दौरे के क्रम में शिक्षक नेताओं का सहयोग किया।

# मंहगाई कम करने के बजाय तरकारी बेचने में लग गई नीतीश सरकार - डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह



**विशेष संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना 3 मार्च 2025प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सोमवार को पेश बिहार के बजट को बेजान, बेअसरदार और उम्मीद के प्रतिकूल करार दिया। उन्होंने कहा कि चुनावी साल के बजट में उम्मीद थी कि इसमें रोजगार की बात होगी, मंहगाई को कम करने की कम से कम तात्कालिक कोशिश होगी, युवाओं के लिए रोजगार युक्त प्रशिक्षण की बात होगी, महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेन्डर मुहैया कराने की बात होगी, डीजल-पेट्रोल पर वैट घटाकर मंहगाई पर नकेल कसने की बात होगी, किसान के लिए एमएसपी की बात होगी लेकिन सब के सब ढाक के तीन पात। चूंकि डबल इंजन की सरकार का यह आखिरी बजट है इसलिए बड़ी उम्मीद थी कि बिहार वासियों को कम से कम मंहगाई और बेरोजगारी की मार से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन मंहगाई को कम करने के बजाय सरकार तरकारी आउटलेट के जरिए मुनाफा कमाने की कोशिश में लग गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा नीतीश के सात निश्चय का कतरा भी बजट से गायब है। मेरी समझ में एक बात नहीं आती कि करीब 3 लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश किया गया है और 3 लाख 32 हजार करोड़ का ऋण है तो ये पैसे कहाँ से आयेंगे और कैसे चुकाये जाएंगे। हकीकत यह है कि बजट को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया है। यह सब हवाबाजी है और कुछ नहीं है।

# कोपड़िया स्टेशन एवं धमारा घाट स्टेशन के बीच (किमी 16/20 से 14/11) के बीच के रेल परिक्षेत्र स्थित रेल भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



समस्तीपुर। सोमवार को समस्तीपुर मंडल के कोपड़िया स्टेशन एवं धमारा घाट स्टेशन के बीच (किमी 16/20 से 14/11) के रेल परिक्षेत्र स्थित रेल भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। विदित हो कि इस अतिक्रमण मुक्ति अभियान के दौरान कोपड़िया स्टेशन एवं धमारा घाट स्टेशन के बीच (किमी 16/20 से 14/11) के रेल परिक्षेत्र स्थित दोनों तरफ की रेल भूमि से अतिक्रमित करके बनाई गई अवैध दुकानों तथा अन्य स्थायी एवं अस्थाई निर्माण /झोपड़ियों को रेल प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन से तोड़ कर हटाया गया। इस क्रम में वहां पर अवैध रूप से चल रहे दुकान सहित झोपड़ियों तथा अन्य सभी छोटे बड़े निर्माण को भी हटाया गया। इस अभियान के माध्यम से कुल 410 दुकानें/ झोपड़ियों को हटाया गया जिससे 11050 वर्गमीटर रेलवे की जमीन अतिक्रमणमुक्त कराया गया। रेलवे की इस कार्रवाई को स्थानीय लोगों और यात्रियों द्वारा काफी सराहा जा रहा है तथा अतिक्रमण को हटाने के लिए रेल प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का स्वागत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कोपड़िया स्टेशन से धमारा घाट स्टेशन के बीच के रेल परिक्षेत्र के दोनों तरफ की रेल भूमि पर चल रही इन अवैध दुकानों को हटाने से रेलवे की काफी जमीन अतिक्रमण मुक्त हुई है। जिससे अब यात्रियों को भी आने जाने में सहूलियत होगी एवं कीमती रेल भूमि पर रेलवे का और अधिक विकास कार्य हो सकेगा। इस कार्रवाई से यात्रियों और स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने रेल प्रशासन को धन्यवाद दिया है। विदित हो कि रेल प्रशासन ने इस कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है और अवैध दुकानों को हटाकर रेल परिसर को साफ कर दिया है। यह कार्रवाई रेलवे की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करने और यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए की गई है। इससे रेल संरक्षा में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। स्थानीय लोगो ने कहा कि हम रेल प्रशासन को इस कार्रवाई के लिए धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयां करते रहेंगे जो यात्रियों और स्थानीय लोगों के हित में होगी।

# भूतनाथ व डरसुर से 320 बोतल विदेशी शराब बरामद, एक वाहन जप्त



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर थाना की पुलिस ने क्षेत्र के दो जगहों से रविवार की रात भारी मात्रा में 320 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। वही पुलिस को देख कारोबारी भाग निकला। बरामद शराब भूतनाथ चौक से एक वाहन में लदा 280 अदद व डरसुर बंसवारी से 44 बोतल बरामद की गई है।थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना पर पीटीसी नीतीश कुमार के साथ भूतनाथ चौक पहुंचा तो कारोबारी निकला वही वाहन पर लदे 280 अदद शराब मिली। इधर डरसुर गांव से सअनि संजय कुमार ने एक बंसवारी में रखे 44 बोतल लवारिश अवस्था में शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों जगहों से बरामद शराब कौन मंगवाया था असली कारोबारी कौन है, पता लगया जा रहा है। क्षेत्र में पियक्कड़ों के बीच हड़कंप मच गया है।

# पीड़ित मां ने पुत्री की अगवा करने का प्राथमिकी दर्ज कराई, पुलिस आई हरकत में

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से शनिवार को विद्यालय गई 12 वर्षीय नाबालिग छात्रा घर नहीं लौटी। परिजनों ने संबंधियों के यहां काफी खोजबीन की जब छात्रा नहीं मिली तो पीड़ित मां ने कल्याणपुर थाने में अपहरण की प्राथमिक की दर्ज कराते हुए गांव के एक लड़के को आरोपित किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आवेदन के आलोक में प्राथमिक दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# रमजान और होली को देखते हुए चौक चौराहों पर बरतें चौकसी, क्राइम मीटिंग आयोजित

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक अंचल क्षेत्र पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में अंचल क्षेत्र के इसुआपुर के थानाध्यक्ष कमल राम, मशरक के प्रभारी थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार, तरैया के थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह और पानापुर के थानाध्यक्ष विश्व मोहन राम के साथ क्राइम मीटिंग की। होली पर्व और अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अपराध नियंत्रण को रोकने, वारंटी की गिरफ्तारी



करने, रमजान और होली पर्व को लेकर विशेष निर्देश दिया गया है।उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार थाने में दर्ज मामले को ससमय निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व रमजान शुरू हो चुका है। इसलिए थाना क्षेत्र के वैसे सभी इलाकों पर विशेष ध्यान दें। होली पर्व को लेकर शहर के चौक-चौराहों पर विशेष नजर बनाए रखें।उन्होंने चौकसी बरतने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस पेट्रोलिंग में तेजी लाने को कहा है। बढ़ते वाहन दुर्घटना को रोकने के लिए दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें और अपने-अपने थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान लागातार चलाएं, ताकि वाहन दुर्घटना को रोका जा सके।

## क्या आप भी ब्रोकली को हफ्तेभर तक रखना चाहते हैं फ्रेश?

### जानें इसे लंबे समय तक स्टोर करने का सबसे आसान तरीका

जब भी हम ब्रोकली खरीदकर घर लाते हैं तो कई बार हम उसे सही तरीके से स्टोर नहीं कर पाते और वह जल्दी खराब हो जाती है। ऐसे में अगर आप इसे एक हफ्ते तक ताजा रखना चाहते हैं तो इसके लिए आप इसे घर पर ही सही तरीके से स्टोर कर सकते हैं। इसे खाने से एक नहीं बल्कि अनेक लाभ हो सकते हैं। यह आपके वजन को नियंत्रित रखता है, मधुमेह के खतरे को कम करता है, ब्रोकली हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करती है, त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है। आइये जानते हैं इसे स्टोर करने का सही तरीका क्या है?



**मध्यम आकार में काटें और एक तरफ रख दें।**

अगर आप ब्रोकली को एक सप्ताह तक ताजा रखना चाहते हैं तो सबसे पहले उसे मध्यम आकार में काट लें और पानी से साफ कर लें। अब इसे निकाल कर एक प्लेट में रख लें और 10 से 15 मिनट तक पानी सूखने के लिए छोड़ दें। अब आप ब्रोकली को दूसरे बर्तन में निकाल कर फ्रिज में रख सकते हैं।

**कांच के जार में स्टोर करें.**

यदि आपके घर में रेफ्रिजरेटर नहीं है, तो आप ब्रोकोली को कांच के जार में रख सकते हैं। इसके लिए आप इसका एक फूल लें। इसके बाद इसके पिछले हिस्से को अच्छे से काटकर साफ कर लें। अब एक कांच के जार में आधे से भी कम पानी भरें और उसमें ब्रोकली डालें। इससे आपकी ब्रोकली एक सप्ताह तक ताज़ा बनी रहेगी।

**फलों से दूर रखें**

यदि आप ब्रोकली को फ्रिज में रख रहे हैं, तो इसे किसी खट्टे फल या अन्य फलों के साथ न रखें, क्योंकि कई फल एथिलीन गैस छोड़ते हैं, जैसे केला, सेब और नाशपाती, जो ब्रोकली को खराब कर सकते हैं। ऐसे में फलों को फ्रिज में रखने की बजाय बाहर निकालकर रख दें।



## क्या हमेशा घर दिखता है बिखरा और गंदा? तो ऑर्गेनाइज करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

कहा जाता है कि घर एक पारिवारिक जीवन का दर्पण होता है, जिसे देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि परिवार के सदस्य अपने जीवन में कितने व्यवस्थित हैं। इतना ही नहीं, अगर आप अपने घर को सही तरीके से व्यवस्थित नहीं रख पाते हैं तो इससे आपके दैनिक जीवन में भी काफी मुश्किलें पैदा होने लगती हैं। उदाहरण के लिए, आपको हर समय इस्तेमाल के लिए चीजें ढूंढनी होंगी, घर में मेहमान आने वाले हैं तो लिविंग रूम को जल्दी से साफ करने का तनाव रहेगा, घर में नकारात्मक ऊर्जा आएगी और कई बार तो आपका जल्दी घर आने का भी मन नहीं करेगा। यहां हम आपको बता रहे हैं कि किन 7 टिप्स को अपनाकर आप अपने जीवन को आसान और व्यवस्थित बना सकते हैं।

**बिस्तर की चादर और तकिया कवर**

जब भी आप अपने बिस्तर और तकिये के कवर को साफ करें या बदलें तो उन्हें एक साथ रखें। इसके लिए, इन सभी को मोड़कर एक तकिये के कवर के अंदर रख दें। ऐसा करने से आपको हर बार उन्हें खोजने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**लेबल**

रसोईघर में रखे सभी जार पर चॉकबोर्ड या पेंट की मदद से लेबल लगाएं और उन्हें सामने की ओर सजाकर रखें। भंडारण के लिए उन्हें अलग-अलग बक्सों में रखने के बजाय एक ही बक्से का उपयोग करना बेहतर होगा। ऐसा करने से वे अच्छे दिखेंगे और व्यवस्थित भी रहेंगे।

**इसे रख दें।**

रसोईघर के दराजों या रैकों में सॉसपैन आदि को एक के ऊपर एक रखने से अधिक जगह घेरती है और यह देखने में भी अव्यवस्थित लगते हैं। बेहतर होगा कि आप इन्हें हैंगर पर लटका दें। इनका उपयोग भी आसान होगा।

**दराज विभाजक का उपयोग करें**

यदि आप अपने दराज में मेकअप, वॉलेट, चाबियाँ या अन्य चीजें एक साथ रखते हैं, तो दराज डिवाइडर का उपयोग करना बेहतर होगा। आपको रसोई के दराजों में भी डिवाइडर का उपयोग करना चाहिए और चाकू, चम्मच, कांटे आदि को अलग-अलग रखना चाहिए। इससे वस्तुएं व्यवस्थित रहेंगी और उनका उपयोग करना भी आसान हो जाएगा।

**मग और कप हैंगर**

कप आदि को रसोई में रखने की बजाय आप उन्हें हैंगर या हुक पर लटका सकते हैं। ऐसा करने से वे एक-दूसरे से टकराकर टूटेंगे नहीं और उन्हें आसानी से उपयोग के लिए निकाला जा सकेगा।

**रैक**

आप अपने दरवाजे के पीछे एक लटकता हुआ जूता रैक लटका सकते हैं। आप इसमें अपने जूते, चप्पल और सैंडल व्यवस्थित तरीके से रख सकते हैं और आसानी से उपयोग के लिए निकाल सकते हैं। आपको हर बार पूरा रैक खाली करने और पहनने के लिए कुछ खोजने की जरूरत नहीं होगी।



**बॉक्स का उपयोग**

आप अलमारी में छोटे-बड़े कपड़े रखने, क्लीनर आदि रखने, डाइनिंग टेबल को व्यवस्थित करने आदि के लिए बक्सों का उपयोग कर सकते हैं। आप ऐसे स्टूल या टेबल का उपयोग कर सकते हैं जिसमें बॉक्स सिस्टम हो। ऐसा करने से आपके पास अधिक भंडारण स्थान होगा और सामान इधर-उधर फैलने के बजाय बॉक्स में ही रहेगा।

## क्या आप भी जा रहे हैं लंबे दिनों के लिए घर से बाहर, तो ऐसे रखें अपने घर को सुरक्षित

कभी-कभी हमें किसी न किसी काम से घर से बाहर जाना ही पड़ता है, लेकिन यहां हम ऑफिस, स्कूल-कॉलेज आदि के लिए ऐसा नहीं कर रहे हैं। बल्कि हम ऐसी चीजों के बारे में बात कर रहे हैं - जैसे कि आपको लंबे समय के लिए या कुछ दिनों के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है। इसका कारण यात्रा हो सकती है, किसी की शादी में शामिल होना हो सकता है, कहीं बाहर जाकर कोई त्यौहार मनाना हो सकता है आदि। लेकिन ऐसे में एक सवाल हर किसी के मन में रहता है कि अगर हम घर से निकल रहे हैं तो क्या हमारा घर सुरक्षित है? क्योंकि हमने घर में जो चीजें रखी हैं, वे बहुत मेहनत से कमाई हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि अगर कोई लंबे समय के लिए घर से बाहर जा रहा है तो उसे किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि उसका घर सुरक्षित रह सके। तो आइये जानते हैं इसके बारे में। इसके बारे में आप अगले अंक में जान सकते हैं...

**गैस बंद कर दें.**

लोग सबसे ज्यादा लापरवाही गैस को लेकर करते हैं, जबकि सभी जानते हैं कि हमारी एक छोटी सी गलती बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जब भी घर से बाहर जा रहे हों तो गैस चूल्हे के अलावा गैस सिलेंडर को भी रेगुलेटर से बंद कर दें। अगर आप भूल जाते हैं तो इस काम को अपनी लिस्ट में शामिल कर लें या फिर गैस के पास एक स्टीकर भी लगा सकते हैं जिस पर लिखा हो कि गैस बंद कर दें। ऐसा करके आप अपने घर को सुरक्षित करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ सकते हैं।

**लाइटें बंद कर दें.**



यदि आप घर से बाहर जा रहे हैं तो लाइटें बंद करना न भूलें। पंखा, कूलर, फ्रिज और एसी जैसी चीजों को मुख्य स्विच से बंद करें। इससे न केवल आपका बिजली बिल बचेगा बल्कि किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होगा क्योंकि कई बार बिजली की कम या ज्यादा शक्ति के कारण चीजें खराब हो सकती हैं।

**पैट का ख्याल रखना.**

कई लोग शौक के तौर पर पालतू जानवर (कुत्ते, बिल्ली आदि) पालते हैं, लेकिन जब बात उनकी देखभाल की आती है, तो... तो इसमें उनकी लापरवाही साफ तौर पर दिखाई देती है। अगर आप लंबे समय के लिए घर से बाहर जा रहे हैं तो या तो आप पैट को साथ ले जाएं। आप अपने पालतू जानवर को कुछ शर्तों के साथ ट्रेन, हवाई जहाज और रोडवेज बसों में ले जा सकते हैं। यदि आप किसी अन्य कारण से अपने पालतू जानवर को अपने साथ नहीं ले जाना चाहते हैं, तो आप अपने पालतू जानवर को टेक केयर सेंटर यानी ऐसे स्थानों पर रख सकते हैं जहां पालतू जानवरों की देखभाल की जाती है। यहां आप कुछ शुल्क देकर अपने कुत्ते को जितने दिन चाहें छोड़ सकते हैं।

**सुरक्षा पर ध्यान दें.**

अगर आप घर से बाहर जा रहे हैं तो आपको अपने घर की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। अपना घर ठीक से बंद करो और जाओ। आप चाहें तो अपने घर में किसी जिम्मेदार पड़ोसी या विश्वसनीय रिश्तेदार को भी रख सकते हैं। इसके अलावा आप अपने घर में सीसीटीवी लगाकर भी उस पर नजर रख सकते हैं।



## अगर आपके भी गुलाब के पौधे बार-बार मुरझा रहे हैं, तो ऐसे करें इनकी केयर

**घर के बाहर आंगन में लगाए गए गुलाब के पौधे घर की सुंदरता बढ़ाने में मदद करते हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग अपने घर के बाहर गुलाब के पौधे लगाना पसंद करते हैं, लेकिन कई बार ये पौधे मुरझाने लगते हैं और इस वजह से पूरे घर का लुक खराब होने लगता है। ऐसी स्थिति में अधिकतर लोग परेशान हो जाते हैं। अगर आपके घर के बाहर लगा गुलाब का पौधा मुरझाने लगा है तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको कुछ आसान टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप पौधे को मुरझाने से बचा सकते हैं।**

**गुलाब के पौधों को मुरझाने से बचाएं**

गुलाब के पौधे को मुरझाने से बचाने के लिए आप इन सुझावों का पालन कर सकते हैं। सबसे पहले आपको गुलाब के पौधे को रोजाना पानी देना चाहिए। यदि गर्मी का मौसम है तो आपको गुलाब के पौधे को दिन में 2 से 3 बार पानी देना चाहिए। आपको गुलाब के पौधे को कम से कम 6 घंटे धूप अवश्य देनी चाहिए, लेकिन ध्यान रखें कि सीधी धूप पत्तियों को जला सकती है।

**नियमित रूप से खाद डालें.**

इसके अलावा आपको गुलाब के पौधे में अच्छी मिट्टी डालनी चाहिए, क्योंकि मिट्टी में पर्याप्त पोषक तत्वों का होना बहुत जरूरी है। आपको गुलाब के पौधे को नियमित रूप से खाद देना चाहिए। आपको बाजार में आसानी से खाद मिल जाएगी। उर्वरक खरीदते समय पैकेट पर लिखे सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

**पौधे की छंटाई अवश्य करें।**

इसके अलावा मिट्टी में पानी का अच्छा विकास होना भी बहुत जरूरी है, तभी आपका पौधा मुरझाने से बच सकता है। गुलाब की सभी सूखी हुई शाखाएँ काट दो। इसके अलावा, छंटाई भी करें, इससे नई शाखाओं के विकास में मदद मिलेगी और पौधा अधिक सुंदर बनेगा।

**कीटनाशक का प्रयोग करें**

कई बार कीड़ों के कारण पौधा खराब होने लगता है, ऐसी स्थिति में आपको अपने पौधे की जांच कर कीटनाशक का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। सर्दियों में पौधे को ठंड लग सकती है। ऐसी स्थिति में उसका विशेष ध्यान रखें। वहीं, बरसात के मौसम में पौधे को ज्यादा पानी देने की जरूरत नहीं होती। आप इन सभी सुझावों का पालन करके गुलाब के पौधे को मुरझाने से बचा सकते हैं।



# आईफोन 15 फोन पर चल रहे हैं कार्ड डिस्काउंट

**नई दिल्ली ।**

अगर आप आईफोन खरीदने के बारे में सोच रहे हैं, यह समय आपके लिए उपयुक्त है। वर्तमान में आईफोन 15 फोन पर कार्ड डिस्काउंट चल रहे हैं। इसकी वजह से फोन की कीमत ज्यादा डाउन हो गई है। आप भी इसे खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो हम कुछ टिप्स देने जा रहे हैं।

एप्पल आईफोन 15 (128जीबी) की एमआरपी 69,900 रुपए है, लेकिन आप इसे फिलपकार्ट पर 7प्रतिशत डिस्काउंट के बाद 64,999 रुपए में खरीद सकते हैं। साथ ही इस पर कार्ड डिस्काउंट भी अलग से चल रहे हैं। फोनपे यूपीआई ट्रांजैक्शन पर करीब 1प्रतिशत का डिस्काउंट मिल सकता है। लीपकार्ट एक्सीस कार्ड से पेमेंट करेंगे तो 5 प्रतिशत का अनलिमिटेड कैशबैक मिलता है। आईडीएफसी फ्स्ट पावर वूमेन प्लेटिनियम कार्ड से पेमेंट करने पर 5 प्रतिशत का डिस्काउंट मिल सकता है। ऐसे में आपको अलग-अलग डिस्काउंट ऑफर्स हासिल करने पर काफी सस्ता मिल सकता है। पुराना फोन वापस करने पर आपको अलग से डिस्काउंट मिल सकता है।



इसे एक्सचेंज ऑफर का नाम दिया गया है। एक्सचेंज ऑफर के तहत आपको ये फोन 39,150 रुपए सस्ता मिल सकता है। लेकिन इतना सस्ता फोन हासिल करने के लिए आपके पुराने फोन की कंडीशन ठीक होनी चाहिए और ये पुराने फोन के मॉडल पर भी डिपेंड करता है। अगर ये डिस्काउंट भी आपको पूरा मिल जाता है तो आईफोन 15 आपको महज 25,849 रुपए में मिल सकता है। फोन की कंपनी की तरफ से 1 साल की वारंटी मिल रही है। आईफोन 15 के फीचर्स को लेकर आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। इस फोन में 6.1 इंच सुपर रेटिना एक्सडीआर डिस्प्ले दिया जाता है। फोन में डुअल रियर कैमरा दिया जाता है जिसका प्राइमरी कैमरा 48एमपी मिलता है।

साथ ही आईफोन 15 में 12एमपी फ्रंट कैमरा मिलता है। इसकी मदद से आपके लिए सेल्फी या शॉर्ट वीडियो शूट करना आसान हो जाता है।

# तमिलनाडु में विनिर्माण इकाई लगाने जमीन तलाश रही है टेस्ला

## - दक्षिण भारत में ईवी के लिए परिवेश और लक्जरी कारों की मांग सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली ।**

वाहन क्षेत्र की वैश्विक कंपनी टेस्ला द्वारा दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए जमीन की तलाश कर रही है। इस बीच उद्योग और सरकारी विशेषज्ञ इस बात का संकेत दे रहे हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बेहतर रूप से विकसित पारिस्थितिकी तंत्र और प्रीमियम वाहनों की बढ़ती मांग अमेरिका की इस लग्जरी कार विनिर्माता को इस क्षेत्र में आकर्षित कर रही है। कंपनी महाराष्ट्र और गुजरात में भी जमीन तलाश रही है लेकिन विशेषज्ञों की बात पर भरोसा करें तो लक्जरी वाहन विनिर्माताओं की बढ़ती मांग का बड़ा हिस्सा दक्षिण भारत से आ रहा है। आंध्र प्रदेश सरकार के एक सूत्र ने कहा कि दक्षिण भारत में ईवी के लिए परिवेश और लक्जरी कारों की मांग सबसे ज्यादा है इसी वजह से टेस्ला हमसे बातचीत कर रही है। 2024 में दक्षिण भारत में लक्जरी श्रेणी के वाहनों की बिक्री में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई और तमिलनाडु में 2022-23 की तुलना में प्रीमियम कार पंजीकरण




में 19.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। बेंगलूर में भी पिछले साल अल्ट्रा-लक्जरी कार बाजार में 35 फीसदी का इजाफा हुआ है। देश की इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री में 45 फीसदी हिस्सेदारी दक्षिण भारत की है। इसकी मुख्य वजह तमिलनाडु में मूल उपकरण विनिर्माताओं, कलपुर्जा आपूर्तिकर्ताओं और बैटरी विनिर्माण इकाइयों के लिए दमदार परिवेश की मौजूदगी है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने हाल ही में अपने 25 शोरूम को लक्जरी लाउंज में बदलने के लिए 150 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है और मुख्य ध्यान महानगरों और मझोले शहरों पर होगा। लेम्बोर्गिनी ने भी दक्षिण में अपनी डीलरशिप विस्तार की योजना बनाई है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत में बिकने वाले सभी इलेक्ट्रिक वाहनों में से 40 फीसदी तमिलनाडु में बनते हैं।

# किआ ने पहला मॉडल पीवी5 किया पेश



**नई दिल्ली ।**

अपनी बियॉन्ड व्हीकल (पीबीवी) रणनीति के तहत कार बनाने वाली कंपनी किआ ने पहला मॉडल पीवी5 पेश किया है। पीवी5 मॉडल को स्पेन के टैरागोना में आयोजित 2025 किआ ईवी दिवस पर प्रदर्शित किया गया।

पीवी5 कोरिया और यूरोप में 2025 की दूसरी छमाही में लॉन्च होगा, जबकि अन्य बाजारों में 2026 में आएगा। इसकी प्री-बुकिंग 2025 की पहली छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। यह ई-जीएमपी.एस प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जो बैटरी-इलेक्ट्रिक स्केटबोर्ड आर्किटेक्चर का उपयोग करता है। इसका मॉड्यूलर डिज़ाइन इसे यात्री परिवहन, कार्गो डिलीवरी और अन्य विशेष रूपांतरणों के लिए उपयुक्त बनाता है।पीवी5 को तीन बॉडी स्टाइल - पैसेंजर, कार्गो और चेसिस कैब में पेश किया जाएगा। इसके अलावा, व्हीलचेयर सुलभ मॉडल , बॉक्स वैन और लाइट कैंपर जैसे व्यावसायिक रूपांतरण विकल्प भी उपलब्ध होंगे। इसमें 51.5केडब्ल्यूएच या 71.2केडब्ल्यूएच एनसीएम बैटरी के विकल्प मिलेंगे, जबकि कार्गो वेरिएंट के लिए 43.3केडब्ल्यूएच एलएफपी बैटरी दी जाएगी।

इसकी 120 केडब्ल्यू फ्रंट मोटर 250 एनएम टॉर्क उत्पन्न करती है और 400 किमी तक की रेंज प्रदान करती है। फास्ट चार्जिंग तकनीक के तहत यह 30 मिनट में 10-80प्रतिशत तक चार्ज हो सकता है। पीवी5 में एंड्रॉइड ऑटोमोटिव ओएस-आधारित इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलेगा, जो ओवर-द-एयर (ओटीए) अपडेट और स्मार्ट कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इसके वाहन-से-लोड (वी2एल) क्षमता के जरिए बाहरी उपकरणों को सीधे वाहन से पावर दी जा सकती है।

# पैसे नहीं डाले जाने पर बंद हो सकते हैं ये अकाउंट्स

**नई दिल्ली ।** पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाय) अकाउंट में अगर चालू वित्त वर्ष में इनमें पैसे नहीं डाल पाए, तो अकाउंट एक्टिव रखने के लिए 31 मार्च 2025 तक कुछ रुपए जरूर डाल दें। इन अकाउंट में पैसे नहीं डाले जाने पर ये अकाउंट्स बंद हो सकते हैं। अगर न्यूनतम जरूरी रकम नहीं डाली, तो इन्हें दोबारा एक्टिव करवाने के लिए आपको जुर्माना देना पड़ेगा। आपको अपनी इन योजनाओं में मिनिमम निवेश बनाए रखना होता है ताकि यह पता चल सके कि आपका खाता एक्टिव है। पब्लिक प्रोविडेंट फंड अकाउंट रखने वालों के लिए मिनिमम डिपॉजिट 500 रुपए है यानी आपको इसमें एक वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपए का निवेश करना होता है। ऐसा न करने पर आपका खाता बंद हो सकता है। इसमें पैसा डालने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2023 है तो आप उससे पहले ये मिनिमम बैलेंस डाल दें। पीपीएफ अकाउंट पर अभी 7.1 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है। सुकन्या समृद्धि योजना सुकन्या समृद्धि योजना में अगर अकाउंट है तो आपको हर वर्ष में मिनिमम 250 रुपए जमा करने होते हैं। अगर आप यह पैसा नहीं जमा करते हैं तो आपको 50 रुपए जुर्माना देना पड़ेगा। सुकन्या समृद्धि योजना अकाउंट पर अभी 8.2प्रतिशत ब्याज मिल रहा है।

टैक्स छूट का मिलता है फायदा इन दोनों ही स्कीम्स में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत टैक्स छूट का फायदा लिया जा सकता है। इसके तहत 1.5 लाख रुपए तक के सालाना निवेश पर आप टैक्स छूट पा सकते हैं। आसान भाषा में इसे ऐसे समझें, आप धारा 80सी के माध्यम से अपनी कुल कर योग्य आय से 1.5 लाख रुपए तक कम कर सकते हैं। बता दें कि अकाउंट में ग्राहक को मिनिमम अमाउंट जमा करना होता है। अगर आप आखिरी तारीख तक पैसा नहीं डालते हैं तो आपको हर साल के हिसाब से 50 रुपए जुर्माना देना होगा।

# एआई युग में भारत रहेगा सबसे आगे : पीयूष गोयल

**मुंबई ।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार की दमदार नीतियों के कारण उद्यमियों और इनोवेटर्स को नई डिजिटल लहर का लाभ उठाने में मदद मिलेगी, जिससे भारत एआई युग में सबसे आगे रहेगा। मुंबई टेक वीक 2025 में अपनी बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा` कि मुझे पूरा विश्वास है कि आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, पूंजी और कौशल उपलब्धता में किए जा रहे निवेश के साथ मुंबई भारत का टेक हब बन सकता है। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, मुंबई टेक वीक 2025 में शानदार बातचीत हुई, जहां मुझे एआई को अपनाने और इसके नैतिक उपयोग में योगदान देने में भारत के लाभ के बारे में विस्तार से बोलने का मौका मिला। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने में लीडरशिप पोजीशन स्थापित कर रहा है। देश ने 2024 में 3 बिलियन एआई-रिलेटेड-ऐप डाउनलोड दर्ज किए, जो अमेरिका के 1.5 बिलियन और चीन के 1.3 बिलियन की संख्या से कहीं आगे था। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य



नडेला के अनुसार यह दर्शाता है कि भारत यूज केस कैपिटल ऑफ एआई है, जिसका अर्थ है कि देश केवल एआई के बारे में केवल बात ही नहीं कर रहा है या एआई में केवल रिसर्च ही नहीं कर रहा है; यह असल में इसे बड़े पैमाने पर लागू भी कर रहा है। पिछले महीने पेरिस में एआई एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बारे में बात की कि कैसे एआई केवल एक राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बल्कि एक वैश्विक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक ऐसा एआई होना बहुत जरूरी है जो नैतिक, इंक्लूसिव और भरोसेमंद हो। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया एआई युग की शुरुआत में थी, जहां यह टेक्नोलॉजी तेजी से मानवता के लिए कोड लिख रही थी और हमारी राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रही थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एआई का लाभ सभी तक पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी घोषणा की कि भारत अगले एआई सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

# बजाज ऑटो की बिक्री फरवरी में दो प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली ।**




बजाज ऑटो की फरवरी 2025 में कुल बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 3,52,071 इकाई हो गई। बजाज ऑटो ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने फरवरी 2024 में कुल 3,46,662 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 2,99,418 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2,94,684 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 14 प्रतिशत घटकर 1,46,138 इकाई रह गई। पिछले महीने दोपहिया वाहनों का निर्यात 23 प्रतिशत बढ़कर 1,53,280 इकाई हो गया। बजाज ऑटो ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसके वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री एक प्रतिशत बढ़कर 52,653 इकाई हो गई।



# आने वाले वर्षों में सोने की प्रासंगिकता बढ़ेगी- नागेश्वरन

**नई दिल्ली ।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि आने वाले वर्षों में परिसंपत्ति वर्ग के रूप में सोने की प्रासंगिकता बढ़ेगी। उन्होंने आईजीपीसी - आईआईएमए वार्षिक स्वर्ण और स्वर्ण बाजार सम्मेलन 2025 में कहा कि सोना न केवल मूल्य के रूप में, सांस्कृतिक और धार्मिक उद्देश्यों के रूप में, बल्कि एक महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो विविधीकरण तंत्र के रूप में भी प्रासंगिक बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक कि दुनिया मौजूदा अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक गैर-प्रणाली से अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली तक पहुंचने में सक्षम नहीं हो जाती, तब तक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में सोने का महत्व बना रहेगा। पिछले तीन महीनों में सोने का मूल्य 200 डॉलर प्रति औंस या आठ प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2,860 डॉलर प्रति औंस हो गया है। नागेश्वरन ने यह भी उम्मीद जताई कि भारत अपने पास मौजूद सोने की परिसंपत्तियों को उत्पादक रूप से उपयोग करने के तरीके खोजेगा।

# फरवरी में हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री 17 फीसदी घटी

**नई दिल्ली ।** हीरो मोटोकॉर्प ने सोमवार को कहा कि फरवरी में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 3,88,068 इकाई रह गई। कंपनी ने पिछले साल फरवरी में 4,68,410 इकाइयां बेची थीं। दोपहिया वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने डीलरों को घरेलू आपूर्ति 3,57,296 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 4,45,257 इकाई था। पिछले महीने निर्यात बढ़कर 30,772 इकाई हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 23,153 इकाई था। कंपनी ने शादी के मौसम और नए उत्पादों की पेशकश के कारण आगामी महीनों में बिक्री बढ़ने की उम्मीद जताई।

# चीन के कारखानों को मिलने वाले ऑर्डर में हुई बढ़ोतरी

**बीजिंग ।** चीन के विनिर्माताओं का कहना है कि फरवरी में उन्हें मिलने वाले ऑर्डर में बढ़ोतरी हुई है। कारोबारियों के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन के सामान पर अधिक शुल्क लगाने की घोषणा से बचने के लिए आयातकों ने अपने ऑर्डर बढ़ाए। ट्रंप ने पहले चीन से आयात पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया था और यह मंगलवार से बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाएगा। कारखाना प्रबंधकों के बीच किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक चीन का आधिकारिक क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49 प्रतिशत से बढ़कर 50.2 प्रतिशत हो गया। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर औद्योगिक उत्पादन से पता चलता है कि सरकारी खर्च ने पिछले महीने व्यावसायिक गतिविधियों का समर्थन किया।

# भारत से आ रही नदी से सोना निकालेगा पाकिस्तान

## - 800 अरब के खजाने के लिए बनाया बड़ा प्लान

**इस्लामाबाद ।** सिंधु नदी भारत से होकर गुजरती है और पाकिस्तान के लिए एक अनमोल विरासत है। पाकिस्तान सरकार के नेस्पेक और पंजाब प्रांत के खान और खनिज विभाग ने अटक प्लेसर गोल्ड परियोजना का आयोजन किया है। नदी की घाटी में सैकड़ों अरब पाकिस्तानी रुपये का सोने का भंडार होने की संभावना है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार नेस्पेक ने सिंधु नदी के किनारे 9 प्लेसर गोल्ड ब्लॉक्स के लिए बोली दस्तावेज तैयार किए हैं। इस स्थान पर खानन सेक्टर में वैश्विक खनन उद्योग का प्रमुख खिलाड़ी बनने की संभावना है। इस साल, पाकिस्तान की रिपोर्ट में कहा गया कि पंजाब के अटक के पास 800 रुपये का सोने का भंडार हो सकता है। इसके बाद, खैबर पख्तूनखवा में नौशेरा के पास सोने की लूट शुरू हो गई है। अभी तक खुदाई नहीं शुरू हुई है, लेकिन खनन ठेकेदार इस भंडार को उड़ाने के लिए तैयार हैं। सिंधु नदी से आने वाला सोना प्लेसर गोल्ड कहलाता है जिसके टुकड़े चपटे या पूरी तरह गोल मिलते हैं।

# सेबी के नए प्रस्ताव से बीएसई के शेयरों में गिरावट



**मुंबई।** बाजार से जुड़े रिस्क को लेकर सेबी ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के शेयरों पर दबाव बना दिया है। इसके अलावा एक वैश्विक ब्रोकरेज फर्म ने इस प्रस्ताव के कारण बीएसई के टारगेट प्राइस में करीब 14 फीसदी की कटौती कर दी, जिससे शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। फिलहाल बीएसई का शेयर 3.47 फीसदी गिरकर 4,473.05 रुपए पर कर रहा है, जबकि इंट्रा-डे में यह 5.14 फीसदी तक गिरकर 4,395.70 रुपए के स्तर तक पहुंच गया था। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि सेबी के प्रस्ताव से कैश इक्विटी टर्नओवर के मुकाबले इंडस्ट्री का ऑप्शंस प्रीमियम घटकर 0.4 से 0.3 पर आ जाएगा। इसके चलते इंडेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट पर ट्रेड होने वाले औसतन डेली प्रीमियम की मार्केट में हिस्सेदारी 30 फीसदी पार कर जाए, ऐसा मुश्किल हो जाएगा। फरवरी में यह आंकड़ा 22 फीसदी था। ऐसे में ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि प्रप्राइइटेरी ट्रेडर्स की एक्टिविटी कम हो सकती है और इसका झटका बीएसई के शेयरों पर दिख सकता है क्योंकि बीएसई के औसतन डेली टर्नओवर का करीब 70 फीसदी इन्हीं से आता है। इन सब बातों को देखते हुए ब्रोकरेज फर्म ने टारगेट प्राइस 5,650 रुपए से घटाकर 4,880 रुपए कर दिया है। हालांकि न्यूट्रल रेटिंग बरकरार रखा है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दूनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौर दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे हैवीवेट शेयरों के साथ विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भी बाजार गिरा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 112.16 अंक करीब 0.15 फीसदी टूटकर 73,085.94 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 5.40 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ ही 22,119.30 पर बंद हुआ।

जानकारों के अनुसार वैश्विक स्तर पर अनिश्चताओं के कारण बाजार में कमजोरी आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प की टैरिफ लगाने की घोषणाओं से बाजार में संशय का माहौल है। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी के शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नीचे आया है।



वहीं गत माह फरवरी में निवेशकों को 40 लाख करोड़ का नुकसान हुआ।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पिछले महीने में 40 लाख करोड़ रुपये घट गया। 31 जनवरी को बाजार बंद होने के बाद बीएसई में लिस्टेड सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 424,99,887 करोड़ रुपये था। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त पर हुई लेकिन ये कुछ समय बाद ही नीचे आने लगा। सुबह बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक चढ़कर 73,427 अंक पर खुला। यह 73,649 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि, कारोबार शुरू होने के आधे घंटे के बाद यह लाल निशान में फिसल गया। जिसके बाद सेंसेक्स 235.54 अंक गिरकर 72,962.56 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी मजबूती के साथ 22,194 अंक पर खुला। हालांकि, कुछ ही देर में यह भी लाल निशान में चला गया। अन्य बाजारों की बात करें तो वहीं एशिया-प्रशांत के शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी देखी गई, क्योंकि निवेशक इस सप्ताह अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा घोषित किए जाने वाले टैरिफ योजनाओं को लेकर स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.67 फीसदी चढ़ा, जबकि व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स में 0.75 फीसदी की बढ़त देखी गई। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स भी 0.22 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार करता दिखा। हालांकि, दक्षिण कोरिया के बाजार सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे। अमेरिकी बाजारों में भी मजबूती देखने को मिली, जहां एसएंडपी 500 में 1.59 फीसदी, डॉव जोन्स में 1.39 फीसदी और नैस्डैक में 1.63 फीसदी की बढ़त रही।

# लगातार बढ़ रही है म्युचुअल फंड के नए निवेशकों की संख्या

## - बाजार में गिरावट के बीच हर महीने जोड़े 8 लाख नए निवेशक

**नई दिल्ली ।**

म्युचुअल फंड इंडस्ट्री में नए निवेशकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भले ही इक्विटी स्कीम्स के रिटर्न बाजार में तेज गिरावट के कारण प्रभावित हुए हों। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच, इंडस्ट्री ने हर महीने 8 लाख (0.8 मिलियन) नए निवेशक जोड़े, जिससे कुल यूनिक निवेशकों की संख्या 5.33 करोड़ तक पहुंच गई। पिछले छह महीनों में हर महीने औसतन 10 लाख नए निवेशक जुड़ रहे थे, लेकिन अब यह रफ्तार थोड़ी कम हो गई है। हालांकि, म्युचुअल फंड इंडस्ट्री को अभी भी लॉन्ग टर्म में विस्तार पर पूरा भरोसा है। एमएफ इंडस्ट्री यूनिक निवेशकों को उनके म्युचुअल फंड स्कीम्स में रजिस्टर्ड परमानेंट अकाउंट नंबर के आधार पर ट्रैक करती है। सितंबर 2024 तक खत्म हुए 12 महीनों में, म्युचुअल फंड इंडस्ट्री ने रिकॉर्ड गति से नए निवेशक जोड़े, जिससे निवेशकों की संख्या 4 करोड़ से बढ़कर 5 करोड़ हो गई। इस तेज बढ़ोतरी का कारण मजबूत इक्विटी बाजार और नए इक्विटी फंड लॉन्च की लहर रही। अब इंडस्ट्री का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में निवेशकों की संख्या दोगुनी कर 10 करोड़ तक पहुंचने का है। हालांकि नए निवेशक जुड़ रहे हैं, लेकिन मौजूदा निवेश खातों के बंद होने की संख्या बढ़ रही है। जनवरी 2025 में वर्षों बाद पहली बार




सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) अकाउंट्स में गिरावट देखी गई, क्योंकि बंद होने की संख्या में तेज बढ़ोतरी हुई। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस ट्रेंड की वजह यह है कि निवेशक बाजार में गिरावट और कमजोर इक्विटी म्युचुअल फंड रिटर्न के बीच अपनी स्थिति पर दोबारा विचार कर रहे हैं।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी में 14 महीने के निचले स्तर पर: पीएमआई

**नई दिल्ली ।** नये ठेके और उत्पादन में गिरावट के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के निचले स्तर पर आ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में 56.3 अंक पर रहा, जो जनवरी के 57.7 अंक से कम है। हालांकि, विनिर्माण पीएमआई विस्तारकारी क्षेत्र में बना हुआ है। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर अंक विस्तार, जबकि 50 से नीचे का अंक गतिविधियों में संकुचन का संकेत है। एचएसबीसी के भारत में एक मुख्य अर्थशास्त्री ने कह कि हालांकि, दिसंबर 2023 के बाद से उत्पादन वृद्धि सबसे कमजोर स्तर पर आ गई है, लेकिन भारत के विनिर्माण क्षेत्र में कुल मिलाकर गति फरवरी में व्यापक रूप से सकारात्मक रही। सर्वेक्षण में कहा गया कि जनवरी के 14 साल के उच्चतम स्तर से कम होने के बावजूद विस्तार की गति तेज थी। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया कि फरवरी में नए निर्यात ऑर्डर में जोरदार वृद्धि हुई, क्योंकि निर्माताओं ने अपने माल की मजबूत वैश्विक मांग का लाभ उठाना जारी रखा। नौकरी के मोर्चे पर, विनिर्माताओं ने फरवरी में अपने कर्मचारियों की संख्या में विस्तार करना जारी रखा।

# यौन अत्याचारों के बढ़ने की त्रासदी पर लगाम लगे



ललित गर्ग

**बालिकाओं एवं महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध, खासतौर पर यौन अपराध के ज्यादातर मामले सामने नहीं आ पाते, विशेषतः बालिकाएं समझ ही नहीं पाती कि उनके साथ कुछ गलत हो रहा है। अगर वे समझती भी हैं तो डांट के डर से अभिभावकों से इस बारे में बात नहीं करती हैं। महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्रालय के अध्ययन में भी यही बात सामने आई है।**

यौन शोषण दुनिया के लिए बड़ी समस्या है, जो दुनिया भर में है। हालांकि कुछ देशों में महिलाएं अधिक असुरक्षित एवं यौन उत्पीड़न, शोषण एवं हिंसा की शिकार हैं, इनमें दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी यूरोप और कुछ लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों शामिल हैं, भारत की स्थिति भी बहुत ज्यादा अच्छी नहीं कहीं जा सकती। वेश्यावृत्ति के उद्देश्यों के लिए इन क्षेत्रों की तस्करी वाली महिलाओं को आम तौर पर तथाकथित विकसित दुनिया के देशों में ले जाया जाता है। महिलाओं को इसी त्रासदी से मुक्ति दिलाने के लिये ही दुनियाभर में 4 मार्च को यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को यौन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। दुनियाभर में महिलाओं और बच्चों के साथ रोजाना कई प्रकार के यौन शोषण के मामले सामने आते रहते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि हर दिन औसतन आठ महिलाएं, लड़कियां और अक्सर युवा लड़कों का यौन शोषण किया जाता है।

यौन उत्पीड़न किसी भी प्रकार का अवांछित यौन प्रस्ताव, यौन पक्ष के लिए अनुरोध, यौन प्रकृति का मौखिक या शारीरिक आचरण या इशारा, या यौन प्रकृति का कोई अन्य व्यवहार है, जिसकी उचित रूप से अपेक्षा की जा सकती है या जिसे किसी अन्य के लिए अपमान या अपमान का कारण माना जा सकता है, जब ऐसा आचरण काम में बाधा डालता है, जो सहायता कर्मियों द्वारा साथी सहायता कर्मियों के विरुद्ध किया जाता है। यूनिसेफ ऐसे सभी प्रकार के यौन दुराचार, यौन उत्पीडन, अत्याचार और यौन हिंसा से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के बीच अंतर करता है। यौन शोषण एक यौन प्रकृति का वास्तविक या धमकी भरा शारीरिक अतिक्रमण है, चाहे बलपूर्वक या असमान या बलपूर्वक परिस्थितियों में, सहायता कार्यकताओं द्वारा उन बच्चों और परिवारों के खिलाफ किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं।

यौन उत्पीड़न समाज में हर जगह पसरा है, कार्यस्थल, शैक्षणिक संस्थान और घर से लेकर धार्मिक स्थलों में महिलाएं एवं बालिकाएं असुरक्षित है। ग्रामीण इलाकों में 26 प्रतिशत महिलाएं, शहरी इलाकों में 21 प्रतिशत और उपनगरीय इलाकों में 18 प्रतिशत महिलाएं यौन उत्पीड़न की शिकार होती हैं। जो महिलाएं अपनी आय का मुख्य स्रोत टिप पर निर्भर रहती हैं, उनके यौन उत्पीड़न की संभावना दोगुनी होती है। कॉलेज के दो-तिहाई छात्र यौन उत्पीड़न का अनुभव करते हैं। 12-17 साल की उम्र के 1.6 प्रतिशत बच्चे बलात्कार या यौन उत्पीड़न के शिकार होते हैं। यौन उत्पीड़न का शिकार हुई चार किशोर बालिकाओं एवं बच्चों में से लगभग तीन यानी 74 प्रतिशत कोई ऐसी बालिका या बच्चे अपने ही किसी परिचित से हुए, जिसे वे अच्छी तरह से जानती थे। यौन शोषण कई तरह से किया जाता है, जैसे अवांछित यौन स्पर्श 49 प्रतिशत, साइबर यौन उत्पीड़न 40 प्रतिशत, अवांछित जननांग प्रदर्शन 30 प्रतिशत, शारीरिक रूप से पीछा किया जाना 27 प्रतिशत और यौन उत्पीड़न 23 प्रतिशत है।





यह दिवस देश एवं दुनिया में महिलाओं और बालिकाओं के साथ हो रहे यौन शोषण के मामलों पर लगाम लगाने के लिये जागरूकता की मुहिम है। इसका मुख्य उद्देश्य यौन शोषण और वेश्यावृत्ति में लिप्त महिलाओं को बचाकर उन्हें सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। महिलाओं एवं बालिकाओं पर बढ़ते यौन अत्याचारों को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि इक्कीसवीं सदी का सफर करते हुए तमाम तरह के विकास के वायदे खोखले साबित हो रहे हैं। भारत के लिये निश्चित रूप से यह चिंताजनक है और हमारी विकास-नीतियों पर सवाल भी उठाती है। बड़ा सवाल तो तब खड़ा हुआ जब सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों के मुताबिक 2016 में ही देश भर में करीब एक लाख बच्चे यौन अपराधों के शिकार हुए। कितनी विडम्बना है कि देश में हम ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाएं यौन शोषण का शिकार हो रही है। यह दाग ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिकओ को भोग्या समझने की विकृत मानसिकता।

बालिकाओं के साथ होने वाली त्रासद एवं अमानवीय घटनाएं -निर्भया कांड, नितीश कटारा हत्याकांड, प्रियदर्शनी मट्टू बलात्कार व हत्याकांड, जेसिका लाल हत्याकांड, रुचिका मेहरोत्रा आत्महत्या कांड, आरुषि मर्डर मिस्ट्री की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में इंडिया ने कुछ और ऐसे मौके दिए जब अहसास हुआ कि भ्रूण में किसी तरह नारी अस्तित्व बच भी जाए तो दुनिया के पास उनके साथ और भी बहुत कुछ है बुरा करने के लिए। बहशी एवं दरिन्दे लोग ही बालिकाओं को नहीं नोचते, समाज के तथाकथित ठेकेदार कहे जाने वाले लोग और पंचायतें, तथाकथित राम-रहीम जैसे धर्मगुरु भी बालिकाओं की स्वतंत्रता एवं अस्मिता को कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं, स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी यौन उत्पीड़न एवं हिंसक की त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस का यह अवसर इन त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 प्रतिशत है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है। माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है।

बालिकाओं एवं महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध, खासतौर पर यौन अपराध के ज्यादातर मामले सामने नहीं आ पाते, विशेषतः बालिकाएं समझ ही नहीं पाती कि उनके साथ कुछ गलत हो रहा है। अगर वे समझती भी हैं तो डांट के डर से अभिभावकों से इस बारे में बात नहीं करती हैं। महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्रालय के अध्ययन में भी यही बात सामने आई है। बालिकाओं पर बढ़ रहे यौन अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बालिकाओं एवं बच्चों से खुलकर बात करें। उनकी बात सुने और समझें। अगर बालिकाओं एवं बच्चे कुछ ऐसा बताते है तो उसे गंभीरता से लें। इस समस्या को हल करने की कोशिश करें। पुलिस में बेझिझक शिकायत करें। बालिकाओं एवं बच्चों को 'गुड टच-बैड टच' के बारे में बताएं- बालिकाओं एवं बच्चों को बताएं कि किस तरह किसी का उनको छूना गलत है। बालिकाओं के आस-पास काम करने वाले लोगों की पुलिस वेरिफिकेशन होनी चाहिए। जब कोई अपराध करता हुआ पकड़ा जाता है तो उसे फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। अपराधियों को जल्द सजा समाज में सख्त संदेश देती है कि ऐसा अपराध करने वाले बच नहीं सकते। बालिका एवं बच्चों के यौन अपराधियों को सजा देने के लिए खास कानून है- पॉक्सो यानि प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफिंसेस। इस कानून का मकसद बालिकाओं एवं बच्चों के साथ यौन अपराध करने वालों को जल्द से जल्द सजा दिलाना है, इस कानून का सही परिप्रेक्ष्य में तत्परता से पालन होना चाहिए।

## संपादकीय

### 'विकसित देश' बनना है तो...

हम हररोज और निरंतर सुनते रहे हैं कि 2047 में भारत एक 'विकसित राष्ट्र' होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार और भाजपा-एनडीए का यह संकल्प है और देश की जनता का भी आह्वान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया के लिए 'कारखाना' करार दिया है, जबकि यह अर्द्धसत्य लगता है, क्योंकि भारत मैन्यूफैक्चरिंग (विनिर्माण, उत्पादन आदि) में पिछड़ता जा रहा है। लक्ष्य तय किया गया था कि इस क्षेत्र का जीडीपी में योगदान कमोबेश 25 फीसदी होना चाहिए, लेकिन यह हिस्सेदारी 15 फीसदी से भी कम हो गई है। यह ऐसा क्षेत्र है, जिसमें रोजगार के व्यापक अवसर बनते हैं। दरअसल भारत 'मैन्यूफैक्चरिंग हब' के बजाय 'ट्रेडिंग देश' बनता जा रहा है। चीन से आयात बढा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इधर विश्व बैंक के साथ-साथ कुछ अन्य एजेंसियों और संस्थाओं की भी रपटें सामने आई हैं। ऐसी रपटें भारत की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थितियों, श्रम-शक्ति और भागीदारी, हमारी औसत आय आदि के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन और सर्वेक्षण पर आधारित होती हैं, लिहाजा उन्हें सिरे से नकारा नहीं जा सकता। यदि भारत सरकार पारदर्शी, स्पष्ट और निष्पक्ष डाटा देश के सामने पेश करती रहती, तो इन रपटों की कोई जरूरत ही नहीं थी और देश के औसत नागरिक के सामने तमाम स्थितियां साफ होतीं। जो भी डाटा सरकारी विभाग जारी करते हैं, वे या तो अर्द्धसत्य होते हैं अथवा यथार्थ को ढक कर चलते हैं। बहरहाल अब आकलन यह किया जा रहा है कि यदि भारत को 2047 में 'विकसित राष्ट्र' बनना है, तो उसकी सालाना आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी लगातार होनी चाहिए, लेकिन अभी 2025-26 के बजट में विकास दर 6.5 फीसदी का अनुमान लगाया गया है। लगभग यही अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का है। वास्तव में यह विकास दर 5 फीसदी के करीब होगी, क्योंकि कई समीकरणों, तथ्यों, उत्पादन, मुद्रास्फीति की दर आदि का सही मूल्यांकन बाद में ही किया जा सकता है। अभी भारत में प्रति व्यक्ति आय करीब 2.20 लाख रुपए सालाना बताई जाती है, जबकि विकसित देश बनने के लिए यह कमोबेश 15.48 लाख रुपए होनी चाहिए। भारत में करीब 100 करोड़ लोगों के पास इतना अतिरिक्त पैसा नहीं है कि वे गैर-जरूरी चीजों पर भी खर्च कर सकें। मात्र 10 फीसदी भारतीयों के पास ही निरंतर खर्च करने की क्षमता है। क्या भारत की अर्थव्यवस्था और जीडीपी 10 फीसदी लोगों के बूते ही है?

## चिंतन-मनन

### सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी।

एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर मैं लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है। उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है।

सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मुझे कुछ नहीं पता कि आप कहां ध्यान लगा रहे थे लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि मैं तो अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मेरा ध्यान सिर्फ अपने प्रेमी से मिलने पर केंद्रित था। मुझे पता ही नहीं चला कि आप परमात्मा के ध्यान में बैठे हैं। आपको मेरा पता चल गया? राजा को उसकी बात समझ आ गई और उसने उसे छोड़ दिया। क्योंकि यह साबित हो गया थी कि राजा के मन में वह समर्पण का भाव नहीं था जो उस प्रेमिका में था। उसके प्रेम में वह तीव्रता और वलंतता थी जिसने राजा को सोचने पर मजबूर कर दिया।

# आयकर सुधार की ऐतिहासिक पहल



डा. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किया गया नया आयकर विधेयक भारत की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने पिछले वर्ष जुलाई 2024 के बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा आयकर कानून की कई धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। साथ ही इसके तहत कानूनी जटिलताएं कर अनुपालन में मुश्किलें और मुकदमेबाजी में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। यदि हम देश में आयकर का इतिहास देखें तो पाते हैं कि वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरूआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी। वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार छोटे-छोटे प्रयास किए जाते रहे। खासतौर से 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरूआत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई।

पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मुठ्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि यह सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। साथ ही यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में मदद करता है। खासतौर से इस समय जब वर्ष 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नए आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नए आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढ?-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है। इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटाकर नए विधेयक में केवल 2.60 लाख रखी गई है। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं, मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नए विधेयक ने इन्हें घटाकर 536 कर दिया है। नए आयकर विधेयक में ह्यचार्टर ऑफ टैक्सपेयर्सह्न है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नए विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब ह्यअसेसमेंट ईयरह्न की जगह ह्यटैक्स ईयरह्न होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा।

अब क्रिप्टोकरेंसी और अन्य डिजिटल एसेट्स को कैपिटल एसेट माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नए टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। निश्चित रूप से नए आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। नए आयकर विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुमार्ना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। बकाया टैक्स का भुगतान न करने पर अधिक ब्याज और पेनल्टी है। आय छिपाने पर अकाउंट सीज और संपत्ति जब्त करने के अधिकार होंगे। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि यह कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निःसंदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा। साथ ही कर दरें घटाने पर भी ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि नए आयकर कानून 2025 के तहत सरल कर ढांचा और सरल कानून सभी के लिए मददगार होंगे और देश की जीडीपी में आयकर का अधिक योगदान बढ? से अर्थव्यवस्था भी तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)

# स्वस्थ भारत की ओरः मोदी की मुहिम से घटेगा मोटापा!



सोनम लववंशी

एक स्वस्थ देश के निर्माण की राह में नागरिकों का मोटापा किस कदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चिंतित कर रहा है, इसकी बानगी हाल ही में आकाशवाणी पर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में देखने को मिली। आंकड़ों पर गौर करें तो विश्व भर के 250 करोड़ लोग मोटापे से जूझ रहे हैं, जबकि भारत में हर आठवां व्यक्ति मोटापे का शिकार है। यह समस्या केवल बड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि अब बच्चों को भी अपने आगोश में ले रही है, और हाल के वर्षों में तो यह समस्या चार गुना तक बढ़ गई है। इसके कारण हृदय रोग, तनाव, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को आगाह किया और इससे बचने की सलाह दी। साथ ही, देशवासियों से खाने में तेल की खपत को 10 प्रतिशत घटाने का आग्रह किया। इस मुहिम के लिए दस नामी-गिरामी हस्तियों को अभियान से जोड़ा गया, जो मोटापे को समाप्त करने की श्रृंखला के प्रारंभिक व्यक्ति के तौर पर होंगे। इनमें उमर अब्दुल्ला, आनंद महिंद्रा, मनु भाकर, आर. माधवन, नंदन नीलेकणी, श्रेया घोषाल, निरहुआ, सुधा मूर्ति और मीरा बाई जैसी हस्तियां शामिल हैं।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मोटापा एक महामारी बन चुका है, जो हर साल 28 लाख वयस्कों की जान ले रहा है। भारत में करीब 10 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापे से जूझ रहे हैं, जिनमें 12 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाएं बेली फैट से परेशान हैं। आंकड़ों के अनुसार, स्थिति वाकई डराने वाली है। ह्यद लांसेटह्न पत्रिका के अनुसार, भारत में 5 से 19 वर्ष के करीब 1.25 करोड़ बच्चे मोटापे के शिकार हैं, जबकि 1990 में यह संख्या मात्र 4 लाख थी। वयस्कों की स्थिति भी कम भयावह नहीं है। 2022 में 4.4 करोड़ महिलाएं और 2.6 करोड़ पुरुष मोटापे से ग्रस्त थे। ऐसे में यह विकास है या विनाश, यह तय करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल ओबेसिटी ऑब्जर्वेटरी के आंकड़े बताते हैं कि मोटापे से आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है। 2019 में जहां यह 2.4 लाख करोड़ रुपये था, वहीं 2030 तक यह 6.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह दशार्ता है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है।

भारत विकासशील देश से विकसित बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है, लेकिन इसी रफ्तार में हमारा शरीर भी तेजी से फैलता जा रहा है। एक समय था जब ह्यतोंदह्न को समृद्धि का प्रतीक माना जाता था, लेकिन अब डॉक्टर इसे बीमारी का घर बताते हैं। मोटापा आज केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बढ़ती समस्या को भांपते हुए इसे रोकने की ठानी और ह्यफिट इंडिया मूवमेंटह्न जैसे अभियानों के माध्यम से पूरे देश को समझा रहे हैं कि ह्यस्वास्थ्य ही धन हैह्न देखा जाए तो मोटापे की समस्या आधुनिक जीवनशैली की देन है। पहले भोजन खाने से पूर्व हाथ धोने की आदत थी, अब ह्यऑनलाइन फूड डिलीवरीह्न ऐप चेक करना प्राथमिकता बन गया है। बच्चे खेल के मैदान में कम, मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा व्यस्त रहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून में राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन के दौरान भी मोटापे की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की और ह्यफिटनेसह्न को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर हम रोजमर्रा की भागदौड़ में से थोड़ा समय निकालकर व्यायाम करें, तो कई बीमारियों से बच सकते हैं। इस पूरी मुहिम में खानपान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत का भोजन हमेशा से वैज्ञानिक रूप से संतुलित रहा है, लेकिन पिज्जा, बर्गर और इंस्टेंट नूडल्स की बढ़ती लोकप्रियता ने इसे हाशिए पर धकेल दिया है। जंक फूड की बढ़ती लत इस समस्या को और जटिल बना रही है। मोदी सरकार ने ह्यईट राइट इंडियाह्न अभियान को बढ़ावा देते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है कि ह्यस्वस्थ खाना ही असली खाना हैह्न प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल को कई मशहूर हस्तियों का भी समर्थन मिला है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या हम केवल सोशल मीडिया पर ह्यफिटनेस चैलेंजह्न स्वीकार करने तक सीमित रहेंगे, या फिर वास्तव में अपने शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करेंगे?

सरकार चाहे जितने भी अभियान चला ले, जब तक आम जनता खुद स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देगी, तब तक मोटापे की समस्या बनी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी की इस मुहिम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि फिटनेस कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। मोटापे की समस्या केवल शरीर तक सीमित नहीं रहती, यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता पर भी असर डालती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाएं, व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और संतुलित आहार अपनाएं। मोदी की इस मुहिम का उद्देश्य भारत को आर्थिक और शारीरिक रूप से मजबूत राष्ट्र बनाना है। लेकिन यह बदलाव तभी संभव होगा जब हम ह्यस्वस्थ भारतह्न के सपने को सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। वरना, वह दिन दूर नहीं जब अस्पतालों में मोटापे से ग्रस्त लोगों की लंबी कतारें होंगी।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवारे मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।




# मुश्किल में फंसी धनुष की कुबेर

साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों कुबेर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका में हैं। सभी किरदारों के फर्स्ट लुक पहले ही जारी हो चुके हैं। वहीं, इस बीच अब खबर है कि कुबेर अब मुश्किल में फंस चुकी है।

करीमकोंडा नरेंद्र नाम के एक टॉलीवुड निर्माता ने दावा किया है कि उन्होंने नवंबर 2023 में तेलुगु फिल्म निर्माता परिषद के साथ कुबेर शीर्षक पंजीकृत किया था और उन्होंने अपनी फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा कर लिया है। नरेंद्र ने निर्देशक शेखर कम्मुला पर शीर्षक के उल्लंघन का आरोप लगाया और शीर्षक बदलने या उन्हें हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की। नरेंद्र ने तेलुगु फिल्म चैंबर से हस्तक्षेप करने और न्याय करने का अनुरोध किया है।

## फिल्म की शूटिंग पूरी

वहीं, इन आरोपों पर अब तक कुबेर की टीम, धनुष या नागार्जुन में से किसी ने भी चुप्पी नहीं तोड़ी है। शीर्षक की मुसीबत के बीच शेखर कम्मुला की कुबेर की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन की औपचारिकताएं चल रही हैं। फिल्म का टीजर भी पहले ही जारी हो चुका है।

## फिल्म की कहानी

फिल्म में धनुष के किरदार की बात करें तो कुबेर में धनुष एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक बेघर व्यक्ति के रूप में शुरू होता है, लेकिन अंततः एक शक्तिशाली माफिया सरगना बन जाता है। रश्मिका और धनुष के साथ फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन, संदीप किशन, जिम सर्भ और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं।

## शेखर-धनुष की पहली फिल्म

सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है। प्रोडक्शन डिजाइनर रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे तकनीकी दल का हिस्सा हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। कुबेर शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुभाषी फिल्म है।



# रेस 4 में हुई रकुल प्रीत सिंह की एंट्री, सैफ के सामने आएंगी नजर!

फिल्म निर्माता रमेश तौरानी ने पहले पुष्टि की थी कि अभिनेता सैफ अली खान रेस 4 में मुख्य भूमिका में लौटेंगे। अब, पता चला है कि रकुल प्रीत सिंह इस प्रत्याशित थ्रिलर फ्रैंचाइज़ में खान के साथ शामिल हो सकती हैं। हालांकि सूत्र ने पुष्टि नहीं की कि सिंह जिस प्रोजेक्ट में शामिल हुई हैं वह वास्तव में रेस 4 है, लेकिन यह संभावना है कि यह वही हो, क्योंकि खान और तौरानी अभी केवल इसी प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में ज़्यादा जानकारी गुप्त रखी गई है, लेकिन रेस की दुनिया में सिंह का प्रवेश निश्चित रूप से इसे और भी रोमांचक बनाता है।

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि सिंह कुछ ऐसा करने के लिए वाकई उत्साहित हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया है। हालाँकि उन्होंने पिछले कुछ सालों में कई बड़े बजट की फ़िल्मों में काम किया है, लेकिन रेस फ़्रैंचाइज़ में प्रवेश करना उनके लिए एक दिलचस्प चुनौती होने जा रही है। सूत्र ने कहा, रकुल रमेश तौरानी के बैनर तले एक रोमांचक नई परियोजना के लिए सैफ अली खान के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मेरे हसबैंड की बीवी की सफलता के बाद, वह स्मार्ट विकल्प चुन रही हैं, और यह फिल्म उनकी गति को और बढ़ाएगी। 34 वर्षीय रकुल ने अतीत में विभिन्न शैलियों में काम किया है। उन्हें रोमांटिक-कॉमेडी शैली पर मजबूत पकड़ के लिए जाना जाता है, और रेस 4 उनके बहुमुखी करियर को और आगे ले जाएगी। हालाँकि, निर्माताओं द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

रेस फ़ैंचाइज़ में सैफ अली खान की वापसी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर पहले से ही काफी उत्सुकता बढ़ा दी है। अगर रकुल प्रीत सिंह इस फिल्म में शामिल होती हैं, तो स्क्रीन पर एक नई जोड़ी की उम्मीद की जा सकती है।



हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों को एक साथ जोड़ा गया है या नहीं। पिछले साल की शुरुआत में, खान के रेस 4 में काम करने की पुष्टि करते हुए, निर्माता रमेश तौरानी ने कहा- सैफ रेस फ़ैंचाइज़ में वापस आएंगे, और हम उन्हें लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने पहली दो फिल्मों में शानदार काम किया है। फिल्म में कई कलाकार होंगे, और हम स्क्रिप्ट और कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं। हमने निर्देशक को भी अंतिम रूप नहीं दिया है। हम फिल्म की आधिकारिक घोषणा अगले साल, संभवतः फ्लोर पर जाने से पहले करेंगे। इस बीच, सिंह को आखिरी बार अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर के साथ मेरे हसबैंड की बीवी में देखा गया था। फिल्म इस महीने की शुरुआत में रिलीज़ हुई थी। रेस 4 उनके करियर में एक शानदार जोड़ होने जा रही है।

# 'क्रेजी' का नहीं बन पा रहा क्रेज




फिल्म 'छावा' लगभग दो हफ्तों से अधिक समय से सिनेमाघरों में टिकी हुई है और अच्छा कलेक्शन कर रही है। इसी बीच शुक्रवार को सोहम शाह की फिल्म 'क्रेजी' भी रिलीज हुई। इस फिल्म की चर्चा रिलीज से पहले काफी हो रही थी। लेकिन पहले दिन फिल्म ने कोई बड़ा कमाल कलेक्शन के मामले में नहीं किया। जानिए, दूसरे दिन फिल्म 'क्रेजी' ने कितना कलेक्शन किया है। फिल्म क्रेजी के दूसरे दिन के कलेक्शन की बात करें तो अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार यह फिल्म 57 लाख रुपये ही कमा पाई है। जबकि पहले दिन इसने 1 करोड़ रुपये की कमाई का नंबर हासिल कर लिया था। लेकिन जितनी उम्मीद इस फिल्म के मेकर्स को थी, उतना कलेक्शन यह फिल्म नहीं कर पाई। फिल्म की कुल कमाई भी अब तक 1.57 करोड़ रुपये ही है।

### वीकएंड का फायदा नहीं उठा पाई 'क्रेजी'

वीकएंड पर कम कमाई करने वाली फिल्में भी अपने कलेक्शन में बढ़ोतरी कर लेती हैं। लेकिन सोहम शाह की फिल्म ऐसा करती नहीं दिख रही है। इसकी वजह फिल्म 'छावा' है। दरअसल, सिनेमाघरों में दो हफ्ते बाद भी 'छावा' का क्रेज बना हुआ है। यह फिल्म काफी अच्छा कलेक्शन कर रही है, 400 करोड़ क्लब में भी शामिल हो चुकी है।

# जिस चीज से प्यार करती हूं, वह कर पा रही हूं



फिल्म दम लगा के हईशा को रिलीज हुए 10 साल हो गए। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को भी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल हो गए। वह अपने इस सफर को लेकर कृतज्ञता से भरी हैं। हाल ही में उन्होंने कहा मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं अभी भी वह कर पा रही हूं, जिससे मैं बहुत प्यार करती हूं।

### फिल्म के हिट और फ्लॉप होने का नहीं था दबाव

एक रिपोर्ट के मुताबिक भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे अभी भी याद है जब दम लगा के हईशा का प्रीमियर आया था। मुझे नहीं पता था कि क्या होगा, लेकिन बहुत खुश थी क्योंकि मेरे ऊपर दबाव नहीं था कि फिल्म हिट होगी या फिर फ्लॉप। मेरी पहली फिल्म रिलीज हो रही थी और शायद ये मेरी सबसे बड़ी कामयाबी थी। जब मुझे कभी शक होता है, तो मैं उसी ऊर्जी का इस्तेमाल करती हूं।

### फिल्मों में चुना अलग-अलग किरदार

भूमि का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उन्होंने अपना करियर अपरंपरागत रोल से शुरा किया। उनके मुताबिक तब से वह ऐसे विकल्प चुनती आ रही हैं क्योंकि वह खुद को सीमित नहीं रखना चाहतीं। भूमि ने कहा मैं अपने आपको किसी भी सांचे में नहीं रखना चाहती, न मैं वैसा करना चाहती हूं, जो मेरे किसी साथी ने किया है। मैं वह काम करना चाहती हूं जिससे मैं जुड़ती हूं। कुछ मेरे लिए आसान होते हैं, तो कुछ मुश्किल, लेकिन ये सभी मेरी पसंद हैं और मैं इस पर फख्र महसूस करती हूं। भूमि पेडनेकर ने दम लगा के हईशा फिल्म से अपने करिअर की शुरूआत की। इसके बाद वह टॉयलेट; एक प्रेम कथा में नजर आईं। उनकी दूसरी बेहतरीन फिल्मों में सांड की आंख, बाला, बधाई दो और रक्षा बंधन है। हाल ही में वह मेरे हस्बैंड की बीवी में नजर आई थीं। इस फिल्म में भूमि के अलावा रकुल प्रीत सिंह और अर्जुन कपूर हैं। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत ज्यादा कमाल नहीं कर पाई है।



# मृणाल ठाकुर अभिनीत डकैत में हुई अनुराग कश्यप की एंट्री



अदिवी शेष की आगामी फिल्म डकैत में मृणाल ठाकुर की एंट्री के बाद अब अनुराग कश्यप की एंट्री के साथ ही उनके किरदार से भी पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म में अनुराग एक इंस्पेक्टर की भूमिका में नजर आएंगे, जिसका नाम स्वामी है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म से एक और नए किरदार का पहला लुक जारी किया है, जिसे बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप निभाएंगे। इस फिल्म में अनुराग एक इंस्पेक्टर स्वामी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इंस्पेक्टर स्वामी का पहला लुक शेयर करते हुए निर्माताओं ने पोस्ट को कैप्शन दिया, दीक्षा लो उन्ना पुलिस नन्नु पत्तुकुंटाडु अता.. नन्नु पत्तुकोवलांटे आ देवुडे डिजी रावली इमो.. डकैत में अद्भुत अनुराग कश्यप सर को लेकर बेहद खुश हूं।

### अनुराग की पहली तेलुगु फिल्म है डकैत

फिल्म डकैत से अनुराग कश्यप तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। निर्देशक से अभिनेता बने अनुराग कश्यप इससे पहले तमिल फिल्मों में काम कर चुके हैं। इससे पहले, डकैत के कलाकारों में बड़ा बदलाव तब हुआ था, जब किन्हीं वजहों से श्रुति हासन ने मुख्य अभिनेत्री के रूप में इस प्रोजेक्ट से हाथ खींच लिया था और श्रुति की जगह फिर मृणाल ठाकुर को साइन कर लिया गया। 17 दिसंबर, 2024 को डकैत के निर्माताओं ने अदिवी के जन्मदिन के साथ ही मृणाल ठाकुर का पहला लुक जारी किया था। इस पोस्टर में मृणाल के माथे पर चोट लगी है और वह एक कार में बैठी नजर आ रही हैं और उनके हाथ में बंदूक दिखाई दे रही है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, हमारे डकैत अदिवी शेष को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनके खास दिन पर, हम उनसे मिलवाते हैं जिसने उन्हें धोखा दिया। उनका प्यार। उनका दुश्मन। मृणाल ठाकुर का फिल्म में स्वागत है।




# सिमर से लेकर शनाया कपूर तक ये स्टार किड्स आएंगे इन फिल्मों में नजर

**7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की फिल्म नादानियां रिलीज होने वाली है। वह इस फिल्म से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। ऐसे कई स्टार्स के किड्स हैं, जो साल 2025 में बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।**

### संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर



संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार हैं। खबर है कि वह दक्षिण भारत की फिल्म वृषभ में नजर आएंगी। फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। संजय कपूर की बीवी का नाम महीप कपूर है।

### शाहरुख के बेटे आर्यन खान



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के बेटे भी बॉलीवुड में आ रहे हैं। लेकिन वह बतौर डायरेक्टर-राइटर इस इंडस्ट्री में आएंगे। वह वेब सीरीज से इंडस्ट्री में कदम रखेंगे। उनकी सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसे शाहरुख खान प्रोड्यूज कर रहे हैं।

### अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया



अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी बॉलीवुड में अपने जलवे दिखाने वाली हैं। वह अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तया नंदा के साथ फिल्म इक्कीस में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन करने वाले हैं।

### अब्राहिम अली खान खुशी कपूर

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान नादानियां के अलावा सरजमीन फिल्म में नजर आएंगे। उनके साथ एक्ट्रेस काजोल भी नजर आने वाली हैं। जल्द ही इस फिल्म की बाकी अपडेट भी आएगी। नादानियां में सैफ के साथ श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर भी नजर आएंगी।

# परिणीति चोपड़ा ने शुरू की वेब सीरीज की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अब जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगी, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। अनटाइटल्ड थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर परिणीति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक अपडेट शेयर किया है। इस जानकारी से मिलने पर प्रशंसकों के बीच वेब सीरीज को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर सुबह शूटिंग के लिए सेट पर जाते हुए खास वीडियो शेयर किया है। शूटिंग लोकेशन का जिक्र किए बिना परिणीति ने कैप्शन में लिखा, चलो शूटिंग पर डे 7 जिससे पता चलता है कि शूटिंग शुरू हुए एक हफ्ता हो चुका है और शूटिंग का सातवां दिन है।



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में पिछली गलतियों से सबक लेकर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इसमें जीत दर्ज कर पिछली असफलताओं का हिसाब बराबर करना रहेगा। आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलियाई टीम अधिकतर भारत पर हावी रही है। भारतीय टीम को इससे पहले 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने प्रमुख गेंदबाजों के बिना पहुंची है जिसका लाभ भारतीय टीम को मिल सकता है।

तेज गेंदबाज पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं है। कमिंस के नहीं होने टीम की कप्तानी स्वीव स्मिथ के पास है हालांकि इसके बाद भी ऑस्ट्रेलिया को कम नहीं आंका जा सकता। कुछ दिन पहले लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन के लक्ष्य को हासिल करके उसने साबित कर दिया है कि वह आईसीसी टूर्नामेंटों में खतरनाक हो जाती है। भारत को अंतिम बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में ऑस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। इसके बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 2015 एकदिवीसय विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हार का समाना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार भारतीय टीम कोई कमी नहीं छोड़ना चाहेगी। इस बार भारतीय टीम 14 साल की विफलता को दूर करने उतरेगी। भारतीय टीम के पास इस बार अच्छा स्पिन आक्रमण है जिसका सामना कंगारुओं के लिए कठिन होगा।

टूर्नामेंट से पहले टीम में वरुण चक्रवर्ती सहित पांच स्पिनरों को शामिल करने के भारतीय टीम के फैसले की काफी आलोचना हुई थी पर दुबई की धीमी पिचों पर अब यह प्रयोग सफल रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिनररों ने कुल 9 विकेट लिए थे हालांकि भारतीय टीम को अगर जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 5 विकेट लेने वाले स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा, 'यहां पिच रैंक टर्नर नहीं है जैसा कि लोग बोल रहे हैं। इससे थोड़ी मदद जरूर मिली है लेकिन आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो करना ही है। भारतीय स्पिन चौकड़ी चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट लिए।




वहीं ऑस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जम्पा है। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे ऑस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया।

भारतीय टीम के बल्लेबाजों विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की ये सबसे कठिन परीक्षा होगी, ऑस्ट्रेलियाई टीम टूर्नामेंट बढ़ने के साथ ही खतरनाक होती जाती है। कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद कहा था, 'यह अच्छा मैच होगा। ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा खेलने का इतिहास रहा है और अब हमें सब कुछ सही करना है। उम्मीद है कि हम ऐसा करने में कामयाब होंगे। भारतीय गेंदबाजों को ट्रेविस हेड और कप्तान स्टीव स्मिथ पर अंकुश लगाना होगा। इसके अलावा भारतीय बल्लेबाजों को जीत के लिए बड़ा स्कोर बनाना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल , हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत , रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**ऑस्ट्रेलिया** = स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जम्पा।

# ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंट में रिकार्ड अच्छा, हमें गलतियों से बचना होगा : रोहित




**दुबई (एजेंसी)।** दुबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले कहा कि हमें जीत के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा और पुरानी गलतियों से बचना होगा। रोहित के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम का रिकार्ड आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा रहा है। इसलिए हमें काफी ध्यान से खेलते हुए मैच पर अपना नियंत्रण बनाये रखना होगा। रोहित ने कहा कि हमें बेहतर प्रदर्शन के लिए मैच पर नियंत्रण बनाये रखना होगा। भारतीय टीम ने ग्रुप चरण के अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराकर ग्रुप ए में नंबर एक स्थान हासिल किया है। अब सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना ग्रुप बी की दूसरे स्थान की टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद आईसीसी वनडे विश्व कप के

रोहित ने कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया का अच्छा खेलने का इतिहास रहा है, उसके खिलाफ हमें एकदिवसीय विश्वप में हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए हमें मैच के दिन अपने नियंत्रण वाली चीजें सही करनी होंगी। हमें इस पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि उस दिन हमें क्या करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कम मैचों वाले टूर्नामेंट में लय बनाए रखना सबसे अहम होता है। हमारी कोशिश हर मैच जीतने की रहेगी। गलतियां होती हैं पर उसे सुधारना सबसे जरुरी है।

रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले को लेकर कहा कि श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल बीच चौथे विकेट के लिए हुई 98 रन की साझेदारी अहम रही। साथ ही कहा कि हमें अपने बनाये स्कोर के बचाव का भरोसा था। उन्होंने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की सराहना करते हुए कहा कि उसके पास कुछ अलग है, हम देखना चाहते थे कि वह इन हालातों में क्या कर सकते हैं। हमें अगले मैच में टीम चयन के बारे में सोचना होगा।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में हुई घटनओं से सभी को समझ आया भारतीय टीम पाक नहीं भेजने का कारण : गावस्कर

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि जिस प्रकार की घटनाएं चैम्पियंस ट्रॉफी में हुई हैं। उससे सभी को पता चल गया है कि भारतीय टीम को क्यों पाकिस्तान नहीं भेजा गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सुरक्षा कारणों से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था, जिसके कारण भारतीय टीम अपने मुकाबले दुबई में खेली रही है। वहीं अन्य टीमें अपने मुकाबले पाकिस्तान में खेल रही हैं। गावस्कर ने कहा, इस टूर्नामेंट में भी, हमने देखा कि किस प्रकार एक नहीं दो मैचों में लोग सुरक्षा तोड़कर मैदान में घुसने में सफल रहे, जब मैच चल रहा था। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के मैच के जो हुआ उसे देखकर कोई भी सरकार भारतीय टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दे सकती थी। इस मैच में



एक व्यक्ति ने न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को पकड़ लिया था। वहीं अफगानिस्तान और इंग्लैंड मैच में भी एक व्यक्ति खिलाड़ियों तक पहुंच गया था। वहीं जब गावस्कर ने पूछा गया कि भारतीय टीम कब पाक के साथ सीरीज खेलेगी तो उन्होंने कहा कि भारत-पाक सीमा पर जब तक शांति नहीं होती। ऐसी किसी सीरीज की संभावना नहीं है। गावस्कर ने कहा, यह बहुत सरल है। अगर सीमा पर शांति है, तो मुझे लगता है कि दोनों सरकारें निश्चित रूप से कहेंगी, देखो, ठीक है, कोई घटना नहीं हुई है, तो चलो कम से कम बात करना शुरू करें।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2025 के लिए नए कप्तान और उप-कप्तान की घोषणा की

**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आगामी आईपीएल 2025 सत्र के लिए अजिंक्य रहाणे को कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उप-कप्तान घोषित किया है।

केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, 'हम अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी को पाकर खुश हैं, जो एक नेता के रूप में अपने अनुभव और परिपक्वता के साथ आते हैं। साथ ही वेंकटेश अय्यर केकेआर के लिए एक फ्रैंचाइजी खिलाड़ी रहे हैं और उनमें नेतृत्व के कई गुण हैं। हमें विश्वास है कि वे हमारे खिताब की रक्षा शुरू करने के साथ ही अच्छा तालमेल बिठाएंगे।' वेंकटेश को केकेआर ने नीलामी में 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा था, जबकि रहाणे को 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा गया था।

नेतृत्व की भूमिका स्वीकार करते हुए रहाणे ने कहा, 'केकेआर का नेतृत्व करने के लिए कहा जाना सम्मान की बात है, जो आईपीएल में सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक रही है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन और संतुलित टीम है। मैं सभी के साथ मिलकर काम करने और अपने खिताब को बचाने की चुनौती लेने के लिए उत्सुक हूं। केकेआर अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ करेगी।



# महिला मुक्केबाज स्वीटी ने अपने पति कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

चंडीगढ़ ।महिला मुक्केबाज स्वीटी बूरा और उनके पति कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा के बीच तलाक की नौबत आ गयी है। स्वीटी ने दीपक के खिलाफ मारपीट और दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है।इन दोनो की शादी साल 2022 में हुई थी पर पिछले कुछ समय से दोनो के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा। स्वीती 2024 हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में उतरी थीं पर वह हार गयीं थीं। हिसार पुलिस के अनुसार स्वीती की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और दीपक हुड्डा को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया था, हालांकि वह तक पेश नहीं हुए हैं। वहीं दीपक ने कहा, मुझे पुलिस ने 2-3 बार नोटिस दिया पर मैं अभी नहीं जा सका। मैंने मेडिकल सर्टिफिकेट जमा कर दिया है और बाद में पुलिस के सामने पेश होने का अनुरोध किया है।सवीती बूरा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उनसे एक लग्जरी कार की मांग की गई थी, जो पूरी भी की गई, लेकिन फिर भी उन्हें प्रताड़ित किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दीपक उन्हें मारते-पीटते थे और लगातार पैसों की मांग करते थे।पुलिस ने इसे मामले की जांच शुरु कर दी है।

# न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में त्रिकोणीय श्रृंखला के अनुभव का फायदा उठाना चाहेगा : लाथम




दुबई ।अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम ने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जब मैदान पर उतरेगी तो पाकिस्तान में खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला में इस टीम पर मिली जीत से उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा।न्यूजीलैंड रविवार को यहां ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में भारत से 44 रन से हार गया, लेकिन लाथम ने कहा कि इसका सेमीफाइनल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यूजीलैंड ने हाल ही में लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया था। टीम ने इसके बाद फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती थी। लाथम ने कहा कि ये अनुभव बुधवार को उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे। उन्होंने कहा, 'हां, जिस (दक्षिण अफ्रीका) टीम के खिलाफ हमने खेला है वह थोड़ी अलग थी। इस टीम में बहुत से ऐसे खिलाड़ी थे जो उस टीम में नहीं थे। उनके कुछ खिलाड़ी तब एसएटी20 में खेल रहे थे, इसलिए यह थोड़े अलग होगा।' उन्होंने कहा, 'मुझे हालांकि लगता है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने में लाहौर के उस अनुभव का फायदा मिलेगा।' उन्होंने कहा, 'हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करेंगे और अपनी पूरी कोशिश करेंगे। हम सेमीफाइनल की चुनौती का इंतजार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारा रवैया हमेशा एक जैसा ही रहता है। हम अपनी तरह का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं। हम इस पर कायम रहने में सफल रहे तो उम्मीद है कि मैच के आखिरी क्षणों में फायदे की स्थिति में रहेंगे।'

# आईपीएल 2025 में एक बार फिर पंजाब किंग्स की ओर से बेहतर प्रदर्शन को तैयार हैं शशांक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीस में पिछली बार अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचने वाल पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज शशांक सिंह का लक्ष्य इस बार भी टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन करना है। शशांक ने पिछले सत्र में अपनी मैच विजेता पारियों से का ध्यान खींचा था। शशांक पिछले साल दुनिया भर में गूगल पर 9वें सबसे अधिक खोजे जाने वाले एथलीट थे। तब उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों में 61 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी थी। शशांक ने इस पर कहा, मुझे नहीं पता था कि गूगल दुनिया भर में खोजे जाने वाले लोगों की एक सूची जारी करता है। यह मेरे लिए एक बड़ी बात थी। इससे खुशी हुई थी कि देश और दुनिया भर के लोग मेरा नाम खोज रहे हैं और जान रहे हैं कि मैं क्या करता हूं पर इसका श्रेय मैं श्रेय पंजाब में बिताए अपने समय को देता हूं। उन्होंने कहा कि यह पंजाब किंग्स के कारण ही संभव हुआ है। ऐसे कई क्रिकेटर हैं जो प्रतिभाशाली हैं और शीर्ष स्तर पर खेल रहे हैं पर पंजाब किंग्स ने हमेशा मुझ पर भरोसा दिखाया है और मेरा समर्थन किया है हालांकि मैंने भी कड़ी मेहनत की है।




शशांक को पंजाब किंग्स ने 2025 सत्र के लिए टीम में बनाये रखा है। शशांक ने कहा कि वह श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। इसका कारण है कि मैंने उनके साथ जूनियर स्तर पर खेला है। हमने डीवाई पाटिल टी20 कप में एक साथ खेला था और हमारे बीच अच्छा समन्वय है। इस क्रिकेटर ने कहा कि मैं बेहद भाग्यशाली हूं कि मैं पिछले साल इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा था और मुझे बरकरार रखा गया था।

# ऋषभ पंत को लॉरियस 'वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया



नई दिल्ली ।भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के 'कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)' श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में होगा।पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ।दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया।पंत चोट से उबरने के बाद पिछले साल मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी तत्कालीन आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरे।पंत ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में विजयी वापसी की और कार दुर्घटना के बाद अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया।उनके प्रदर्शन ने भारत को 280 रनों से जीत दिलाने में मदद की।

# रिचर्ड्स बोले, अपने जज्बे, ऊर्जा और जुनून के कारण सर्वश्रेष्ठ हैं विराट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। रिचर्ड्स ने कहा है कि अपने जुझारू जज्बे, ऊर्जा और जुनून के कारण ही विराट सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। है। वह अपने आलोचकों को हमेशा ही अपने खेल से जवाब देते हैं। इंटरनेशनल मास्टर लीग (आईएमएल) की संचालन परिषद के सदस्य रिचर्ड्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह वास्तव में हम सभी के सवालों का जवाब देता है। एकदिवसीय विश्व कप से पहले वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था पर उसने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया। ये सभी उसके जुनून और जज्बे से हुआ है।

उन्होंने कहा, 'इसलिए ही मैं उन्हें सर्वश्रेष्ठ और महानतम खिलाड़ी मानता हूं। आपको हर बार ऐसे खिलाड़ी नहीं मिलते जो फॉर्म में नहीं होने के बाद भी अच्छी वापसी कर सकें। उनका जुझारू जज्बा, ऊर्जा और अच्छा प्रदर्शन करने का जुनून उन्हें सबसे अलग बनाता है।

रिचर्ड्स ने कहा कि अगर वह अब भी खेल रहे होते तो वह मैदान पर कोहली की ऊर्जा से खेलना पसंद करते। रिचर्ड्स ने कहा, 'उनकी ऊर्जा उनके जुनून को दिखाती है। वह हर समय खेल में अपनी भागीदारी से आपको अपने जुनून को दिखाते हैं। वह इस तरह से शानदार खिलाड़ी हैं। जब उनसे उनकी पसंद के बल्लेबाजों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कोहली उन्हें अपनी याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा, 'बहुत सारे बल्लेबाज हैं, भारतीय टीम के पास पहले सचिन तेंदुलकर जैसे क्रिकेटर थे जो अब संन्यास ले चुके हैं पर वर्तमान समय में विराट ही हिम्मत करते हैं और जीतते हैं। वह अपने पर भरोसा करता है, हर वक्त 120 फीसदी आश्वस्त रहता है और जब भी आक्रामक होने की जरूरत होती है और विरोधियों का सामना करने की जरूरत होती है तो आपको ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत होती है।

रिचर्ड्स ने कहा कि कोहली की फिटनेस और भूख को देखते हुए वह लंबे समय तक एकदिवसीय में खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आपको एक बात बताता हूं, वह जिस तरह के हैं और जिस तरह से फिट रहते हैं और जिस तरह से वह अभी भी खेल के प्रति बहुत जुनूनी है तो आप कुछ नहीं कह सकते, वह 50 साल की उम्र में भी खेल सकता है।




रिचर्ड्स ने कहा, 'आप कुछ नहीं कह सकते। लेकिन यह देखना शानदार है। उन्होंने हाल में दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ 100 रन बनाए तो इससे पता चलता है कि वह अब भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने हालांकि कोहली की तुलना तेंदुलकर से करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं तुलना में विश्वास नहीं रखता। हमें इस बात के लिए आभारी होना चाहिए कि हर कोई जिस दौर से गुजरा होगा, उस दौर में इन खिलाड़ियों को देखने वाले लोगों को लगा होगा कि उन्होंने कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए गेंदबाजों के चयन ने बढ़ायी टीम प्रबंधन की मुश्किलें

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में टीम इंडिया के लिए गेंदबाजों का चयन कठिन रहेगा। टीम के सभी गेंदबाज अभी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐस में किसे बाहर बैठाया जाये ये कठिन होगा। पिछले मैच में वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन कर अपना दावा भी पक्का किया है। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आखिरी लीग मैच में तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जगह मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दिया था। वरुण ने धमाकेदार गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की आधी टीम को अकेले आउट कर दिया था।42 रन देकर 5 विकेट लेने के लिए वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। ऐसे में उन्हें बाहर करना कठिन होगा। अगर इसी स्पिन कॉम्बिनेशन के साथ भारतीय टीम उतरती है तो आपके पास एकमात्र तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी होंगे, जबकि दूसरे तेज गेंदबाज की जिम्मेदारी हार्दिक पांड्या के पास रहेगी। गेंदबाजी के लिए चार और विकल्प भारत के पास होंगे पर वे चारों ही स्पिनर हैं।इनमें एक कुलदीप यादव, दूसरे रविंद्र जडेजा, तीसरे अक्षर पटेल और चौथे वरुण चक्रवर्ती हैं।अब अगर आप अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से किसी एक को खिलाएंगे तो फिर बाहर किस स्पिनर को करेंगे।वरुण आपके लिए पिछले मैच में पांच विकेट लिए हैं।इस मैच में कुलदीप यादव ने 2 विकेट निकाले हैं। अक्षर पटेल आपके लिए गेंद के साथ-साथ बल्ले से अच्छा योगदान दे रहे हैं।

# अभी मुझे पता है कि मेरा सही समय चल रहा है, न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद बोले अक्षर पटेल

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 42 रनों की पारी खेलने वाले अक्षर पटेल का मानना है कि वेस्टइंडीज में एकदिवसीय मैच में अच्छी बल्लेबाज कर टीम को जीत दिलाने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

मैच के बाद अक्षर ने कहा, 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद से कहें या वेस्टइंडीज में जब मैंने एकदिवसीय मैच जीताया था तो उसके बाद मेरा आत्मविश्वास बढ़ा था। मेरे पास कौशल तो था, लेकिन मैं उसका प्रदर्शन नहीं कर पा रहा था। जैसे ही एक पारी आई तो मैंने नहीं सोचा कि बल्लेबाजी दिखाने का यही सही मौका है। टैंपरामेंट की बात करें तो जब आप लगातार अच्छा करते हो तो आप अधिक सोचते नहीं है। अभी मुझे पता है कि मेरा सही समय चल रहा है।'

अक्षर ने कहा, 'विराट भाई और श्रेयस अच्छा ही कर रहे हैं तो मैं नहीं सोचता और ऊपर खेलूं। जब भी अवसर मिले तो मैं वही सोचता हूं कि टीम की क्या आवश्यकता है। नीचे जब खेलता था तो आपको जल्दी रन बनाने होते थे। अभी मुझे पता है कि मेरे पीछे भी बल्लेबाज हैं और मैं परिस्थिति के हिसाब से भी खेल सकता हूं। मैच की स्थिति से जैसे स्पिनर पर हिट करना है या आज जैसे साझेदारी की आवश्यकता थी तो हमने वही किया।' उन्होंने कहा, 'वरुण को लेकर हम सभी खुश हैं। हम पहले दो मैच जीत चुके थे। वह पिछली बार टी-20 विश्वकप खेला था। इतना आसान नहीं होता है। वहां अच्छा नहीं हुआ था, उसके बाद उसने दिखाया कि वह मानसिक तौर पर कितना मजबूत हुआ है। टी-20 के बाद उसने यहां भी अच्छा प्रदर्शन किया।' अक्षर ने कहा, 'मैं धीमी गेंद करने का दो-तीन साल से प्रयास कर रहा हूं। इन परिस्थितियों में मैं धीमी और तेज दोनों तरह की गेंद कर रहा हूं। जब विकेट मिलता है तो हौसला भी बढ़ता है।'



# रमजान के दौरान इजरायल नहीं करेगा हमला
## गाजा के साथ युद्धविराम प्रस्ताव पर जताई सहमति

**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायल और फिलीस्तीन के बीच जारी युद्ध अस्थायी रूप से टल गया है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने घोषणा की है कि इज़रायल ने रमज़ान और पासओवर अवधि के दौरान गाजा में अस्थायी युद्ध विराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब पहले से सहमत युद्ध विराम का पहला चरण समाप्त होने वाला था। अस्थायी युद्ध विराम का उद्देश्य धार्मिक छुट्टियों के दौरान तनाव को कम करना है। इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी का खुलासा होना बाकी है। जैसे ही रमज़ान शुरू होता है, दुनिया भर में कई लोग प्रार्थना और उपवास के साथ इस महीने का स्वागत करते हैं। लेकिन गाजा में, माहौल गम और अनिश्चितता का है। युद्ध की गूँज अभी भी बनी हुई है, और युद्ध विराम के बावजूद, कई लोगों को डर है कि लड़ाई किसी भी समय फिर से शुरू हो सकती है। गाजा में रहने वालों के लिए, पिछले संघर्षों की यादें ताज़ा हैं। इस बीच, हज़ारों इज़राइली तेल अवीव में बेगिन स्ट्रीट पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, गाजा में शेष बंदियों की रिहाई और युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण को पूरा करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि 7 अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इज़राइल पर बड़े पैमाने पर हमला किया इसके साथ



ही, हमास ने वाहनों, पैराग्लाइडरों और पैदल चलकर इजरायल की सीमा का उल्लंघन किया, सैन्य ठिकानों और नागरिक क्षेत्रों, विशेष रूप से गाजा पट्टी के पास के समुदायों पर हमला किया। हमलावरों ने सामूहिक गोलीबारी, अपहरण और अन्य हिंसक वारदातों को अंजाम दिया, जिसमें नागरिकों और सैनिकों सहित कई लोगों की मौत हो गई। इजरायलियों और विदेशी नागरिकों सहित 200 से अधिक व्यक्तियों को बंधक बनाकर गाजा में लाया गया। इस हमले ने इजरायल को हमास पर युद्ध की घोषणा करने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण व्यापक हवाई हमले और गाजा पर जमीनी आक्रमण हुआ। 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल में कम से कम 1,139 लोग मारे गए। 7 अक्टूबर का हमला दशकों में इजरायल के लिए सबसे घातक दिन था और तब से इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है, जिससे दोनों पक्षों के हजारों लोग हताहत हुए हैं और गाजा में गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है।

**मिस्र ने कहा- अमेरिका दूसरे चरण की बातचीत चाहता है :** इस्राइल-हमास समझौते के दूसरे चरण को लेकर मिस्र के काहिरा में गुरुवार को इस्राइल, कतर और अमेरिका के अधिकारियों ने चर्चा शुरू की। मिस्र के अधिकारी ने बताया कि कि हमास, कतर और मिस्र मौजूदा युद्धविराम समझौते को जारी रखना चाहते हैं। हमास ने दूसरे चरण की वार्ता में आधिकारिक रूप से शामिल हुए बिना हर शनिवार को बंधकों की रिहाई के साथ चार सप्ताह के लिए युद्धविराम बढ़ाने के इस्राइल के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। अमेरिका दूसरे चरण की बातचीत शुरू करना चाहता है, लेकिन बातचीत के दौरान बंधकों की रिहाई की मांग की। हमास ने युद्ध विराम की शर्तों के पूर्ण क्रियान्वयन पर जोर दिया। हमास एक सदस्य ने बताया कि हमने युद्ध विराम के प्रथम चरण को आगे बढ़ाने के इस्राइल के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। हमास ने कहा कि यह युद्ध विराम समझौते के विरुद्ध है। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नैम ने एपी को बताया था कि शुक्रवार को इस्राइली प्रतिनिधि के स्वदेश लौटने से पहले समाधान खोजने में कोई प्रगति नहीं हुई। बताया जा रहा है कि काहिरा में हो रही वार्ता में हमास ने भाग नहीं लिया है। मिस्र और कतर के अधिकारियों ने हमास का प्रतिनिधित्व किया। संघर्ष विराम समझौते के लेकर हमास ने शुक्रवार को कहा था कि वह समझौते की सभी शर्तों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमास ने अंतरष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह इस्राइल पर बिना किसी देरी या टालमटोल के तुरंत दूसरे चरण में आगे बढ़ने के लिए दबाव डाले। इस्राइल का कहना है कि गाजा में अभी भी मौजूद 59 बंधकों में से 32 मर चुके हैं। जनवरी में दोनों पक्षों ने तीन चरण के युद्ध विराम समझौते पर सहमति जताई थी।

## नंगे पैर इंटरव्यू देने पर ट्रोल हुए विवेक रामास्वामी, भारतीय संस्कृति को लेकर छिड़ी बहस



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में दावेदार रहे भारतवंशी विवेक रामास्वामी एक विवाद में फंस गए हैं। दरअसल उन्होंने बीते दिनों नंगे पैर एक इंटरव्यू दिया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। अब इसे लेकर रामास्वामी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। यूजर्स उन्हें अमेरिका विरोधी और असभ्य तक कह रहे हैं। वहीं कई यूजर्स विवेक रामास्वामी का समर्थन भी कर रहे हैं। दरअसल बीते साल एक लाइव स्ट्रीमिंग रिकॉर्डिंग के दौरान विवेक रामास्वामी नंगे पैर बैठे। यह लाइव स्ट्रीमिंग रिकॉर्डिंग विवेक रामास्वामी के घर में हुई थी। अब इसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा छिड़ी हुई है। कुछ यूजर्स ने रामास्वामी पर निशाना साधते हुए लिखा कि विवेक रामास्वामी कभी भी ओहायो के गवर्नर नहीं बन पाएंगे। यह अमेरिका में अस्वीकार्य है। एक अन्य यूजर ने लिखा कि विवेक को इंटरव्यू के दौरान कम से कम मौजे पहनने चाहिए थे। एक अन्य यूजर ने लिखा कि विवेक रामास्वामी हमें शिक्षा पर भाषण देते हैं, लेकिन वे खुद इंटरव्यू में नंगे पैर दिखाई दे रहे हैं। यह बेहद असभ्य है। हालांकि ऐसा नहीं है कि सभी लोग विवेक रामास्वामी की आलोचना कर रहे हैं। कई यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्होंने विवेक रामास्वामी का समर्थन किया है। इन यूजर्स का कहना है कि दक्षिण और पूर्व एशिया में जहां भारत स्थित है, वहां घर के अंदर जूते उतारकर रहना एक सामान्य बात है। एक यूजर ने लिखा कि करीब सभी भारतीय अपने घरों में नंगे पैर ही रहते हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। यह वहां की संस्कृति का हिस्सा है। मशहूर कमेंटेटर इयान माइल्स चेओंग ने विवेक रामास्वामी का समर्थन किया और लिखा कि अपने ही घर में नंगे पैर रहना कैसे अमेरिका विरोधी हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में उड़ते हुए कार्गो विमान में लगी आग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में शनिवार को फेडएक्स के एक कार्गो विमान के इंजन में पक्षी के टकराने से आग लग गई। इसके बाद प्लेन की न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें उड़ान के दौरान प्लेन के राइट साइड इंजन में आग दिखाई दे रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्हें एक जोरदार विस्फोट सुनाई दिया था। एक अन्य वीडियो में प्लेन को सुरक्षित रूप से उतरते हुए देखा जा सकता है, जबकि उसके इंजन में आग लगी हुई थी। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अभी यह भी साफ नहीं है कि हादसे के वक्त प्लेन में कितने लोग सवार थे। एक अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट पर ट्रैफिक कुछ देर के लिए रोक दिया गया था, लेकिन बाद में ट्रांसपोर्ट फिर से शुरू कर दिया गया।

### नेपाल में भारत की सहायता से बने पुल का उद्घाटन

**बीरगंज, एजेंसी।** नेपाल के बारा जिले के बीरगंज में शनिवार को नेपाल-भारत विकास सहयोग के तहत बने कंक्रीट पुल का उद्घाटन किया गया। नवनिर्मित पुल बंगारी नदी पर भलुही-भरवालिया-8 पर बनाया गया है। वीरगंज में भारत के महावाणिज्य दूतावास देवी सहाय मीना और काठमांडो के संघीय सड़क पर्यवेक्षण एवं निगरानी कार्यालय के अधीक्षक अभियंता शुभराज न्योपाने ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मीना ने कहा, पुल के निर्माण से स्थानीय निवासियों के लिए आजीविका का सृजन हुआ है और यातायात की सुगम पहुंच बनी है। उन्होंने कहा, पुल का निर्माण यहां के स्थानीय समुदाय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। पुल के निर्माण को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने 1.96 करोड़ नेपाली रुपये (एनआर) खर्च किए हैं।

### भूकंप के बाद चीन ने तिब्बती एवरेस्ट खोला

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने शनिवार को तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में माउंट एवरेस्ट के दर्शनीय क्षेत्र को फिर से खोल दिया है। इसे माउंट कोमोलंगमा के नाम से जाना जाता है। 7 जनवरी को डिंगरी में 6.8 तीव्रता का भूकंप आने के बाद इस क्षेत्र को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था। भूकंप में 126 लोगों की जान चली गई थी और 188 अन्य घायल हो गए थे। डिंगरी दुनिया की सबसे ऊंची चोटी का उत्तरी बेस कैंप है। अब यहां फिर पर्यटक आ-जा सकेंगे।

### टीटीपी से जुड़े सिख समेत 20 आतंकी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से कथित तौर पर जुड़े एक सिख व्यक्ति समेत 20 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंक निरोधक विभाग के प्रवक्ता ने कहा, कानून प्रवर्तन अफसरों ने इस हफ्ते पंजाब के कई क्षेत्रों में खुफिया सूचना पर आधारित 162 अभियानों के दौरान 20 टीटीपी आतंकवादियों को गिरफ्तार करके एक बड़ी आतंकी योजना को विफल कर दिया। बयान में कहा गया कि टीटीपी के तीन बेहद खतरनाक सदस्य - मनमोहन सिंह, नकीबुल्ला और रियाज को क्रमश: रावलपिंडी, लाहौर और रहीम यार खान से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 6,238 ग्राम विस्फोटक, 23 डेटोनेटर व तीन आईईडी बम और प्रतिबंधित साहित्य बरामद किया। जुमे की नमाज अदा करने पर 23 अहमदिया गिरफ्तार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 23 सदस्यों को 'जुमे की नमाज' अदा करने के लिए गिरफ्तार किया गया, जो कानूनन उनके लिए निषिद्ध है। पुलिस को सूचना मिली कि 27 अहमदिया लाहौर से लगभग 100 किमी दूर अपने पूजा स्थल पर नमाज अदा कर रहे हैं।

### तुर्किये के साथ 40 वर्ष से जारी युद्ध को रोकेंगे कुर्दिश लड़ाके

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये में 40 वर्षों से विद्रोह कर रहे कुर्दिश उग्रवादियों ने शनिवार को युद्ध विराम की घोषणा कर दी। दो दिन पहले उनके कैद नेता अब्दुल्ला ओकलान ने समूह से हथियार डालने का आह्वान किया था। ओकलान 1999 से तुर्किये में कैद है। समूह ने कहा, हम अपो के शांति-लोकतांत्रिक समाज के आह्वान के कार्यान्वयन का मार्ग बनाने के लिए युद्धविराम की घोषणा करते हैं।

### जापान के जंगलों में लगी भीषण आग, एक की मौत

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के उत्तरी हिस्से में लगी भीषण आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। इसे बीते तीन दशकों में जापान के जंगलों में लगी भीषण आग बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह आग करीब 1800 एकड़ क्षेत्र में फैल चुकी है।

### जेलेंस्की को ट्रंप के साथ रिश्ते बेहतर करने चाहिए : नाटो चीफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रुते ने बताया है कि उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से कहा है कि वे ऐसा रास्ता ढूंढें, जिससे उनके अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रिश्ते बेहतर हो सकें। नाटो प्रमुख का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है।

## अंग्रेजी बनी अमेरिका की आधिकारिक भाषा; कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रंप बोले- आएगी एकजुटता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर चौंकाने वाला कार्यकारी आदेश जारी किया है। ट्रंप ने अब अंग्रेजी को अमेरिका की आधिकारिक भाषा घोषित किया है। उन्होंने कहा कि इससे विश्व भर के अप्रवासियों वाले देश में एकजुटता आएगी। व्हाइट हाउस ने ट्रंप का कार्यकारी आदेश एक्स पर पोस्ट किया। इसमें कहा गया कि अब समय आ गया है कि अंग्रेजी को देश की आधिकारिक भाषा घोषित किया जाए। व्हाइट हाउस ने लिखा कि एक राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित भाषा एकीकृत और सामंजस्यपूर्ण समाज का मूल है। संयुक्त राज्य अमेरिका ऐसे नागरिकों से मजबूत होता है जो एक साझा भाषा में विचारों का स्वतंत्र रूप से आदान-प्रदान कर सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि एजेंसियों को यह छूट दी गई है कि वे अंग्रेजी के अलावा अन्य कितनी भी भाषाओं में सेवाएं दे सकते हैं। यह आदेश किसी भी एजेंसी को अपनी सेवा में परिवर्तन का निर्देश नहीं देता है। एजेंसी प्रमुखों को यह निर्धारित करने का अधिकार है कि अपनी-अपनी एजेंसियों के मिशन को पूरा करने और अमेरिकी लोगों को कुशलतापूर्वक सरकारी सेवाएं प्रदान करने के लिए क्या आवश्यक है? व्हाइट हाउस ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में 350 से ज्यादा भाषाएं बोली जाती हैं। हमारे गणराज्य की स्थापना के समय से अंग्रेजी राष्ट्र की भाषा रही है।

# अमेरिका में सैन्य स्वास्थ्य एजेंसी की अश्वेत चीफ को जबरन किया सेवानिवृत्त; रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में शीर्ष सैन्य अधिकारियों और सेना के वरिष्ठ वकीलों के बाद अब सैन्य स्वास्थ्य एजेंसी की प्रमुख और अश्वेत महिला अधिकारी को जबरन सेवानिवृत्त कर दिया गया है। एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना की लेफ्टिनेंट जनरल टेलिटा क्रॉसलैंड को जबरन सेवानिवृत्त किया गया। गौरतलब है कि शुक्रवार को ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीफ ऑफ स्टाफ एयरफोर्स जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को उनके पद से हटा दिया था। यह अमेरिकी सेना के ढांचे में बड़े बदलाव का संकेत है।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सेना की ओर से लेफ्टिनेंट जनरल टेलिटा क्रॉसलैंड की सेवानिवृत्ति का एलान किया गया। बताया जाता है कि 32 साल से सेना में काम कर रही क्रॉसलैंड को सेवानिवृत्ति के लिए मजबूर किया गया है। स्वास्थ्य मामलों के कार्यवाहक सहायक रक्षा सचिव स्टीफन फेरारा ने कहा कि क्रॉसलैंड की सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मैं क्रॉसलैंड को पिछले 32 वर्षों से राष्ट्र, सैन्य स्वास्थ्य प्रणाली और सेना चिकित्सा में उनके समर्पण के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हालांकि सेना के एक पूर्व अधिकारी का कहना है कि क्रॉसलैंड को जबरन सेवानिवृत्ति दी गई है। उनको ऐसा करने का कोई कारण भी नहीं बताया गया। सेना में हो रहा बड़ा बदलाव इससे पहले शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीफ ऑफ स्टाफ एयरफोर्स जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को उनके पद से हटा दिया



था। इसके अलावा अमेरिकी नौसेना की एडमिरल लिसा फ्रेंचेट्टी, वायुसेना के उप-प्रमुख जेम्स स्लाइफ को भी पद से हटा दिया गया। इसके बाद सेना के वरिष्ठ वकीलों को नौकरी से निकाला गया। सेना के पूर्व अधिकारी और विश्लेषकों का मानना है कि ट्रंप वोकिज्म यानी प्रगतिशील विचारों को खत्म करने के लिए सेना में बड़े बदलाव कर रहे हैं। जबकि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पहले ही इशारा दिया था कि वे सेना में योग्यता आधारित सिस्टम लागू करेंगे और किसी भी नेता को उसकी राजनीतिक सोच के आधार पर हटाया जा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम से अमेरिकी सेना में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एक तरफ वे सेना में विविधता और समानता को कम कर पारंपरिक सैन्य संस्कृति को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ इस फैसले की आलोचना भी हो रही है।

**म्यांमार ने रिहा किए इंडोनेशिया के 84 नागरिक : नाएप्यीडॉ, एजेंसी।** म्यांमार में धोखाधड़ी से जुड़े 84 इंडोनेशियाई नागरिकों को रिहा किया गया है। म्यांमार में इन धोखाधड़ी सेंटर्स के खिलाफ सरकार ने अभियान चलाया हुआ है, जहां से पकड़े गए लोगों को उनके देश भेजा जा रहा है। म्यांमार की सरकार ने इस अभियान में करीब 7000 लोगों को पकड़ा है, जो थाईलैंड, म्यांमार और चीन के लोगों द्वारा चलाए जा रहे इंडोनेशिया के लोगों को दो बसों में बिठाकर गुरुवार को थाईलैंड के शहर माए सोत ले जाया गया, जहां उनके स्वास्थ्य की जांच और पहचान की जांच की गई। बता दें कि विभिन्न तरह के लालच देकर हजारों लोगों को म्यांमार में काम के लिए लाया जाता है, जहां उन्हें विभिन्न तरह की धोखाधड़ी के काम में लगा दिया जाता है। कई लोगों को गलत दावे कर म्यांमार लाया जाता है और यहां उनका शोषण किया जाता है। रिहा किए गए 84 इंडोनेशियाई नागरिकों में 69 पुरुष और 15 महिलाएं हैं।

## जेलेंस्की की अमेरिकी यात्रा एक राजनीतिक और कूटनीतिक नाकामी : रूस

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस ने शनिवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा को कीव शासन की पूर्ण राजनीतिक और कूटनीतिक नाकामी करार दिया। मॉस्को की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के साथ ओवल ऑफिस में जेलेंस्की के सार्वजनिक टकराव के बाद आई। दो देशों के नेताओं के बीच हुई तीखी बहस ने पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोरीं।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, रूसी पक्ष ने सभी स्तरों पर बार-बार कहा है कि वी.जेलेंस्की अनुपयुक्त, भ्रष्ट और समझौते पर पहुंचने में असमर्थ हैं। यह कीव शासन था जिसने दुश्मनी को जारी रखा। जखारोवा ने कहा, वाशिंगटन में अपने प्रवास के दौरान अपने बेहद असभ्य व्यवहार से वी. जेलेंस्की ने पुष्टि की है कि वह एक बड़े युद्ध को भड़काने वाले के रूप में विश्व समुदाय के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। रूसी विदेश



मंत्रालय के प्रवक्ता ने जेलेंस्की को एक ऐसा व्यक्ति बताया जो केवल उस शक्ति को बचाने के लिए जुनूनी है जिसे उसने हड़प लिया है। उन्होंने कहा, इस उद्देश्य के लिए, उन्होंने विपक्ष को नष्ट कर दिया, एक अधिनायकवादी राज्य का निर्माण किया, अपने लाखों साथी नागरिकों को निर्दयतापूर्वक मौत के घाट उतार दिया। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में, जो कीव शासन के लिए लगातार खराब होती जा रही हैं, यह व्यक्ति जिम्मेदारी की भावना दिखाने में असमर्थ है और इसलिए युद्ध जारी रखने और शांति को अस्वीकार करने के लिए जुनूनी है।

इससे पहले शुक्रवार को ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उप-राष्ट्रपति जे.डी. वेंस के साथ राष्ट्रपति जेलेंस्की की मुलाकात एक शोरगुल वाली तीखी बहस में बदल गई। अमेरिकी नेताओं ने जेलेंस्की पर उनकी टिप्पणियों के लिए व्हाइट हाउस और अमेरिका का अनादर करने का आरोप लगाया।

वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति ने उन पर आक्रमण का शिकार होने की हताशा को महसूस नहीं करने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस समझौते का उद्देश्य कीव के युद्ध प्रयासों में किए मदद के लिए यूक्रेन के दुर्लभ खनिज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के भंडार पर अमेरिका का अधिकार स्थापित करना था।

## दो मिलियन से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा का कर रहे सामना

**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या में खाद्य-असुरक्षित लोगों की संख्या 2.15 मिलियन है। यह आंकड़ा जुलाई 2024 के मुकाबले एक मिलियन से अधिक है। पूर्वी अफ्रीकी देश के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने यह जानकारी दी है। एनडीएमए ने कहा कि खाद्य सुरक्षा में गिरावट का कारण सामान्य से कम बारिश है। यह पिछले मौसमों से होने वाले फायदे को पलट देती है। इससे घरेलू खाद्य उपभोग में अंतर आया है और कुपोषण का स्तर बढ़ रहा है। केन्या की राजधानी नैरोबी में जारी एक रिपोर्ट में एनडीएमए ने चेतावनी दी, मार्च-मई के लंबे बारिश के मौसम के दौरान स्थिति और भी खराब होने का अनुमान है। इसमें 2.8 मिलियन लोगों को तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करने की संभावना जताई गई है। एनडीएमए के अनुसार, चरागाह और पानी की उपलब्धता में कमी के कारण पशुओं की लंबी दूरी तय करनी पड़ी है और साथ ही पशुओं की उत्पादकता में भी कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में दूध उत्पादन में 25-40 प्रतिशत की कमी आई है और दूध की कीमतें बढ़ गई हैं। एनडीएमए की चेतावनी से एक सप्ताह पहले अंतर-सरकारी विकास प्राधिकरण (आईजीएडी) के जलवायु वैज्ञानिकों ने खुलासा किया था कि केन्या उन चार पूर्वी अफ्रीकी देशों में से एक है जिन्हें आने वाले दिनों में उच्च स्तर की गर्मी का



अनुभव करना पड़ सकता है। यूएसए के विश्व खाद्य कार्यक्रम के अनुसार, केन्या, एक निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्था, तेजी से बढ़ रही है लेकिन सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बनी हुई हैं। केन्या के एक तिहाई से अधिक लोग गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं। बढ़ती जनसंख्या, जलवायु परिवर्तन, खराब प्रदर्शन करने वाली खाद्य प्रणालियां और लैंगिक असमानताएं देश में खाद्य सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं। पर्याप्त पौष्टिक भोजन तक पहुंच कई लोगों के लिए एक चुनौती बनी हुई है, खासकर शुष्क और अर्ध-शुष्क इलाके, जो देश के 80 प्रतिशत भूमि क्षेत्र हैं। केन्या में 500,000 शरणार्थी हैं, जो मुख्य रूप से दूरदराज के, खाद्य-असुरक्षित काउंटियों में स्थित शिविरों में हैं। काम करने या स्वतंत्र रूप से घूमने में असमर्थ, शरणार्थी अंतरराष्ट्रीय सहायता पर अत्यधिक निर्भर हैं।

## युगांडा में इबोला से चार साल के बच्चे की मौत, डब्ल्यूएचओ बोला- दूसरी मौत स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए बड़ा झटका

**कंपाला, एजेंसी।** पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में इबोला से एक चार साल के बच्चे की मौत हो गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, इबोला से यह दूसरी मौत है। इससे पहले, 30 जनवरी को एक वार्ड बॉय की प्रकोप घोषित होने से एक दिन पहले मौत हुई थी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि बच्चे की मौत स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए एक बड़ा झटका है, जो प्रकोप के जल्दी खत्म होने की उम्मीद कर रहे थे। डब्ल्यूएचओ ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि बच्चे को युगांडा की राजधानी कंपाला में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि वे निगरानी और संपर्क ट्रेसिंग को मजबूत करने पर काम कर रहे हैं। बच्चे की मौत ने अधिकारियों के दावे को कमजोर किया बच्चे की मौत ने युगांडा के अधिकारियों के उस दावे को कमजोर कर दिया, जिसमें कहा गया था कि फरवरी की शुरुआत में आठ इबोला मरीजों को ठीक कर छुट्टी दे दी गई थी, जिसके बाद प्रकोप नियंत्रण में था।

कंपाला में हुई थी वार्ड बॉय की मौत इससे पहले, वार्ड बॉय ने कंपाला और पूर्वी युगांडा के कई अस्पतालों में इलाज करवाया था। वह बीमारी का उपचार कराने के लिए एक पारंपरिक चिकित्सक के पास भी गया था। बाद में, कंपाला में उसकी मौत हो गई थी। वार्ड बॉय के संपर्क में आने से आठ लोगों को हुआ था इबोला वार्ड बॉय के संपर्क में आने से आठ लोग इबोला से ग्रस्त हो गए थे। उनके सफल इलाज ने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को आशा दी थी कि प्रकोप खत्म हो गया है, लेकिन वे अभी भी इसके स्रोत की जांच कर रहे हैं। इबोला के प्रसार को रोकने के लिए संपर्कों का पता लगाना जरूरी डब्ल्यूएचओ ने



कहा कि इबोला के प्रसार को रोकने के लिए संपर्कों का पता लगाना जरूरी है, और युगांडा में इबोला के सूडान स्ट्रेन के लिए कोई स्वीकृत वैक्सीन नहीं है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, युगांडा के विभिन्न सीमा पार बिंदुओं पर प्रतिदिन 20,000 से अधिक यात्रियों की इबोला के लिए जांच की जाती है। डब्ल्यूएचओ ने युगांडा को दिए 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर डब्ल्यूएचओ ने युगांडा को इबोला प्रतिक्रिया का समर्थन करने के लिए कम से कम 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए हैं, लेकिन यूएसएआईडी के 60प्रतिशत विदेशी सहायता अनुबंधों को खत्म करने के अमेरिकी प्रशासन के फैसले के कारण धन की कमी की चिंता है। अमेरिकी सहायता में कटौती से कई गैर-सरकारी समूहों के काम पर पड़ा असर युगांडा के स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक चार्ल्स ओलारो ने कहा कि अमेरिकी सहायता में कटौती से कई गैर-सरकारी समूहों के काम पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा, चुनौतियां हैं, लेकिन हमें नई वास्तविकता के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है।




## केंद्रीय मंत्री की बेटी और सहेलियों से छेड़छाड़ करने वाले 3 युवक गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता रक्षा खडसे की बेटी के साथ जो कुछ भी हुआ उसने सभी को हैरानी में डाल दिया है। अब हर किसी के मन में सवाल उठ रहा है कि अगर एक केंद्रीय मंत्री की बेटी ही सुरक्षित नहीं है, तो आम लड़कियों की सुरक्षा का क्या होगा। बता दें 24 फरवरी रात को कोथली गांव में संत मुक्ताई यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री खडसे की बेटी और उनकी कुछ सहेलियों के साथ कुछ मनचले लड़कों ने छेड़छाड़ कर दी थी। इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रक्षा खडसे के सुरक्षा गार्ड की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस के मुताबक अनिकेत भोई, किरण माली और अनुज पाटिल को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। केंद्रीय मंत्री खडसे ने इस घटना के बाद कहा था कि अगर एक केंद्रीय मंत्री और सांसद की बेटी के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, तो बाकी लोगों का क्या होगा? उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से भी बात की थी और मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

## स्कूलों में स्मार्टफोन ले जाने पर रोक लगाने से हाईकोर्ट का इनकार

### -कहा- इसका अनुशासन या शैक्षिक वातावरण पर कोई नकारात्मक असर नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने स्कूलों में बच्चों को स्मार्टफोन ले जाने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि स्मार्टफोन के इस्तेमाल से कक्षा में शिक्षण, अनुशासन या समग्र शैक्षिक वातावरण पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ता है। यह फैसला एक छात्र की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुनाया, जिसमें स्कूल में मोबाइल फोन के प्रयोग को लेकर दिशा निर्देश जारी करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में अपना रुख साफ करते हुए कहा कि तकनीक के इस युग में स्मार्टफोन पूरी तरह से नकारात्मक नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि स्मार्टफोन का इस्तेमाल अगर सही दिशा में किया जाए तो यह बच्चों के लिए शैक्षिक संसाधन के रूप में काम कर सकता है। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि मनोरंजन के उद्देश्य से इसका इस्तेमाल स्कूल परिसर में करना स्वीकार नहीं है। इस फैसले के बाद स्कूलों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे बच्चों के स्मार्टफोन इस्तेमाल पर उचित दिशा-निर्देश बनाएं ताकि इसका दुरुपयोग न हो। कोर्ट ने इस्तेमाल के नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए पारदर्शी, निष्पक्ष नियम लागू करने का आदेश कोर्ट ने स्कूलों को दिया है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि स्मार्टफोन का इस्तेमाल केवल शैक्षिक उद्देश्यों तक सीमित रहना चाहिए। मनोरंजन, सोशल मीडिया या गेमिंग जैसे कार्यों के लिए इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

## पंजाब के हाईटेक बंटी-बबली! ने कर दिया 3500 करोड़ का बड़ा कांड?

चंडीगढ़(एजेंसी)। पंजाब के इस जोड़े की दास्तां सुनकर आपको भी शायद भरोसा ना हो। इस कपल ने सालों से लोगों को लूट-लूट कर 3500 करोड़ रुपए छाप लिए। पुलिस की आंखों में धूल झोंककर दोनों कई महीनों से पकड़ में नहीं आ रहे थे। हालांकि बीते शुक्रवार पुलिस ने इस जोड़े को धर दोबाचा और फिलहाल वे ईडी की हिरासत में हैं। शनिवार को जालंधर की एक पीएमएलए कोर्ट ने सुखविंदर सिंह खरौर नाम के शख्स को 10 दिन और उसकी पत्नी डिंपल खरौर को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है। इस जोड़े की ठगी की लिस्ट लंबी है। दोनों ने मिलकर क्लाउड स्पेस खरीदने और उसे वापस लीज पर देने के नाम पर सालों तक लोगों को ठगा और उससे मोटी रकम छापी। कपल ने पिछले 2-3 सालों में 3,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी की और उससे ऐश करते रहें। पिछले महीने ईडी ने इनके ठिकानों से 80 करोड़ रुपये की कम से कम 26 लग्जरी कारें जब्त की थीं। वहीं पंजाब में दोनों की 178 करोड़ रुपये की प्रापर्टी भी पुलिस ने जब्त की थी। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने अपनी काली कमाई को सफेद करने के लिए कई शेल कंपनी बनाईं। डिंपल के बैंक अकाउंट्स और उसकी फर्जी कंपनियों जैसे खरौर फिल्म्स एलएलपी, फ्रूटचैट एंटरटेनमेंट प्राइवेट और अवनी आईटीइंफ्रा वेंचर्स लिमिटेड के जरिए पैसे डायवर्ट किए गए। ईडी ने बताया है कि व्यूनाउ ग्रुप के सीईओ और संस्थापक सुखविंदर इस घोटाले के

# अब राफेल को टक्कर देने आ रहे केएफ-21 और एमकेएल लड़ाकू विमान

### -दोनों की कीमत और मेंटेनेंस भी काफी कम, क्षमताएं भी एडवांस

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। राफेल फाइटर जेट की एक अलग पहचान है। ये एक मल्टीरोल लड़ाकू विमान है जो एडवांस टेक्नोलॉजी और युद्ध में अपनी क्षमता साबित कर चुका है, लेकिन फ्रांस का लालच जल्द ही इस फाइटर जेट के मार्केट को बर्बाद कर सकता है। फ्रांसीसी राफेल को अमेरिकी स्टील्थ फाइटर जेट एफ-35 या रूसी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 से खतरा नहीं है, बल्कि दो ऐसे फाइटर जेट्स बाजार में आने वाले हैं, जो राफेल को चुनौती पेश कर सकते हैं। ये फाइटर जेट हैं दक्षिण कोरिया का केएफ-21 बोरामे और भारत का तेजस एमकेएल इन दोनों फाइटर जेट्स को लेकर दावा किया जा रहा है कि ये राफेल के बराबर शक्तिशाली हैं। इनमें एडवांस एवियोनिक्स और हथियार रखने की जगह है। इसके अलावा इन दोनों की कीमत भी राफेल की तुलना में काफी कम बताई जा रही है।

डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि ये क्षमताएं फ्रांसीसी राफेल के बाजार को खराब कर सकती हैं। फ्रांस के लिए राफेल फाइटर जेट लंबे वक्त से एक प्रीमियम प्रोडक्ट रहा है। इसमें एडवांस रडार सिस्टम, एडवांस इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और



मल्टीरोल क्षमताएं हैं। इस वजह से भारत, कतर और मिस्र के देशों ने राफेल फाइटर जेट खरीदा है, लेकिन राफेल फाइटर जेट की कीमत बहुत ज्यादा है। राफेल के रखरखाव, अपग्रेडेशन और हथियारों के एकीकरण में बहुत ज्यादा खर्च होता है, जिसकी वजह से देशों के लिए राफेल फाइटर जेट का मेंटिनेंस करना मुश्किल है।इंडियन डिफेंस रिसर्च विंग की रिपोर्ट के मुताबिक 2016 में भारत ने 36 राफेल जेट के लिए 8.7 अरब डॉलर का सौदा किया था। इसमें कोई शक नहीं की राफेल को खरीदकर भारतीय वायुसेना की ताकत में जबरदस्त इजाफा हुआ है। डिफेंस एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर भागीदारी के तहत राफेल को बनाया जाता तो इस लागत को कम किया जा सकता था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दक्षिण कोरिया में बना केएफ-21 बोरामे लड़ाकू विमान और भारतीय तेजस फाइटर जेट डिफेंस बाजार में तहलका मचा सकते हैं। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह ये है कि राफेल के मुकाबले इसके मेटिनेंस में काफी कम है। केएफ-21 एक 4.5-पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जिसका डिजाइन और डेवलपमेंट कोरिया एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने किया है। इस फाइटर जेट को खास तौर पर राफेल और टाइफून जैसे विमानों को टक्कर देने के लिए डिजाइन किया गया है। वहीं केएफ-21 लड़ाकू विमान के एक यूनिट की कीमत करीब 65 मिलियन डॉलर होने की संभावना है। लिहाजा देशों के लिए ये एक आकर्षक पैकेज हो सकता है। जबकि राफेल फाइटर जेट के एक यूनिट की कीमत 120 मिलियन डॉलर है।

वहीं भारत का तेजस एमकेएल, जो स्वदेशी तेजास एमकेएल का एक विकसित वैरिएंट है, अगले कुछ सालों में ये बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें एडवांस जीई एफ414 इंजन, एडवांस एवियोनिक्स और भारत के स्वदेशी हथियारों जैसे अस्त्र और ब्रह्मोस के साथ आसानी से एकीकरण की क्षमता है। लिहाजा तेजस एक बेहतरीन लड़ाकू विमान बन गया है। इसके अलावा इसका मेंटिनेंस और भी कम होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक तेजस के एक यूनिट की कीमत सिर्फ 50 से 60 मिलियन डॉलर प्रति यूनिट हो सकती है। इसके अलावा क्षमताओं के लिहाज से ये राफेल फाइटर जेट से ज्यादा एडवांस होगा।

## मायावती के एक्शन पर आकाश ने दी प्रतिक्रिया : मेरा राजनीतिक करियर समाप्त नहीं

लखनऊ(एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया कि उनके जीते जी पार्टी का कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है और उनके कार्यों का बंटवारा कर दिया है। मायावती के इस फैसले के बाद पहली बार आकाश आनंद की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर एक विस्तृत पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने इस फैसले का सम्मान करने की बात कही। उन्होंने कहा, कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। अपनी पोस्ट में आकाश आनंद ने आगे लिखा, मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैंने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं। यह सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं और उनके साथ खड़ा हूं। मायावती के इस निर्णय को बसपा में बड़े नेतृत्व परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है। लंबे समय से ऐसा माना जा रहा था कि आकाश आनंद पार्टी में उनकी राजनीतिक विरासत संभालेंगे, लेकिन अब मायावती के स्पष्ट संदेश से इन अटकलों पर विराम लग गया है।



## पीएम मोदी, नड्डा के बाद अब संघ प्रमुख भागवत पहुंच रहे बिहार दौरे पर

**सुपौल (एजेंसी)**। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने है। यह देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित तमाम सियासी दिग्गज बिहार में दौरा कर रहे है। वहीं अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत 6 मार्च को बिहार के सुपौल जिले आ रहे है। विधानसभा चुनाव से पहले उनके इस दौरे को खासा महत्व है। इस दौरान भागवत वीरपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 01 स्थित केशव नगर में बने सरस्वती विद्या मंदिर के नए भवन का उद्घाटन करने वाले है।

बता दें, यह पहली बार होगा जब संघ प्रमुख इंडो-नेपाल बॉर्डर पर किसी कार्यक्रम को संबोधित करने वाले है। उनके इस दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सर संघ संचालक भागवत गुरुवार को दिन के 11.30 बजे बीरपुर पहुंचकर 1 बजे से कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचने वाले है। फिर अपने संबोधन के बाद 2.30 बजे स्वयं सेवकों के साथ बैठक करने वाले है। नेपाल से सटे वीरपुर जैसे इलाके में इस तरह के आयोजन का खास महत्व है। यह क्षेत्र राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और सीमावर्ती इलाकों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार का प्रतीक बन रहा है। सीमावर्ती इलाकों में विद्या भारती के स्कूल जैसे संस्थान न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ा रहे हैं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा को भी मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

विद्या भारती बिहार के क्षेत्र संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा, भागवत जी का वीरपुर में आना हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। यह लंबे समय से योजना में था कि विद्यालय का उद्घाटन उनके हाथों कराया जाए। कोरोना महामारी के कारण यह संभव नहीं हो सका। अब यह मौका आ रहा है, और हम सभी कार्यकर्ता जोरदार तैयारी कर रहे हैं। उनके आगमन से यह संदेश जाएगा कि हिंदुत्व के सबसे बड़े चिंतक और मार्गदर्शक हमारे बीच आ रहे हैं। अपने दौरे के दौरान भागवत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों से मुलाकात करने वाले है। वे समाज और राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने वाले है। इस मौके पर हिंदुत्व, शिक्षा और सामाजिक एकता को लेकर संवाद होगा। कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है।

## पप्पू यादव ने बीजेपी पर साधा निशाना और कहा- नीतीश कुमार के बिना कोई हैसियत नहीं

**पटना (एजेंसी)**। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भाजपा और एनडीए पर तीखा हमला बोला और कांग्रेस को बेहतर पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के बिना बीजेपी की कोई औकात नहीं है। पप्पू यादव ने दावा किया कि एनडीए में मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार से बेहतर कोई चेहरा नहीं है।

पप्पू यादव ने कहा, बीजेपी को कभी भी नीतीश कुमार का चेहरा पसंद नहीं था, लेकिन इस जन्म में उनसे बेहतर सीएम पद के लिए कोई नेता बीजेपी के पास नहीं होगा। उन्होंने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि किसी को जबरदस्ती पाउडर लगाकर मुख्यमंत्री बना सकते हैं, लेकिन असली नेतृत्व की कमी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के बयान- इस बार बिहार में ए टीम बनकर काम करेंगे- पर पप्पू यादव ने समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस ही बीजेपी को टक्कर दे सकती है और बिना कांग्रेस के एनडीए को हराना नामुमकिन है।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा महिलाओं को 2500 रुपये भत्ता देने और वृद्धा पेंशन बढ़ाने की मांग पर भी पप्पू यादव ने तंज कसा। उन्होंने कहा, जब सरकार में थे, तब क्यों नहीं बढ़ाया? चुनावी मौसम में वैज्ञानिक बनने का क्या मतलब है? पप्पू यादव ने केंद्रीय बजट पर भी निशाना साधा और कहा कि इसका कोई फायदा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में प्रति व्यक्ति 8000 रुपये कर्ज बढ़ गया है, जबकि 91 लाख करोड़ शेयर मार्केट में बर्बाद हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी मार्केटिंग के लिए जनता के पैसे का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए और फ्री बिजली देने की योजना पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

पप्पू यादव के इस बयान के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। अब देखना यह होगा कि बीजेपी और अन्य विपक्षी दल इस पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

## डब्ल्यूएचओ का दावा, दुनिया में 2 बिलियन से ज्यादा लोगों की आंखों की रोशनी कमजोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दुनिया में बड़ी चीज हैं आंखें, आंखों की देखभाल करना बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ यह बढ़ा देनी चाहिए क्योंकि इनका स्वास्थ्य कमजोर होने लगता है और नजर कम होने लगती है। आंखों की केयर नजरअंदाज करने पर वक्त से पहले चश्मा चढ़ सकता है, जिसे हटाना मुश्किल हो सकता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने बताया कि दुनिया के 2 बिलियन से ज्यादा लोगों को आंखों की रोशनी कमजोर है। इनमें से किसी को पास का देखने में तो किसी को दूर का देखने में दिक्कत होती है, लेकिन इनमें से 1 बिलियन लोग कुछ टिप्स की मदद से समस्या को कम कर सकते हैं। ?आंखों की किसी समस्या से बचना है तो रेगुलर आई टेस्ट करवाते रहें। इससे आई डिजीज और कमजोर रोशनी को पहचानकर उसे वहीं रोका जा सकता है।

घर से बाहर जाते हुए सनग्लास और ब्रिम्ड हैट पहनें। इससे धूप में मौजूद यूवी रेज आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाती है। साथ ही धूल-मिट्टी से इंफेक्शन का डर कम हो जाता है। वैसे तो डिजिटल डिवाइस का इस्तेमाल कम से कम करना चाहिए, अगर आपका काम इनके बिना नहीं चलता है तो बीच-बीच में ब्रेक लेना ना भूलें। इससे आंखों पर तनाव ज्यादा नहीं पड़ेगा। टूल और केमिकल इस्तेमाल करते हुए आई प्रोटेक्शन पहनें। क्योंकि इनके पार्टिकल्स आंखों में जा सकते हैं, जिससे जलन, इंफेक्शन, धुंधला दिखना या आई डिजीज हो सकती है।

अगर आप धूम्रपान करते हैं तो इससे ब्लड फ्लो बाधित हो सकता है, जिससे आंखों को पोषण मिलने में दिक्कत हो सकती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन




(डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि अगर आंखों को हेल्दी रखना हैं तो स्मोकिंग ना करें। यह नुस्खे की जानकारी व दावे पर आधारित हैं। इसकी सटीकता और असर की जिम्मेदारी हम नहीं लेते है।

## बीजेपी के साथ गठबंधन करेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस? सामने आया उमर अब्दुल्ला का बड़ा बयान

**श्रीनगर (एजेंसी)**। जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी के साथ इस तरह के गठबंधन की न तो कोई गुंजाइश है और न ही इसकी कोई जरूरत है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके विचार काफी अलग हैं। जम्मू-कश्मीर बजट सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम (भाजपा के



## रमजान, ईद और होली, यूपी में सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत किया गया

**लखनऊ (एजेंसी)**। रमजान, ईद और होली को देखकर उत्तर प्रदेश में सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सुरक्षा कड़ी रहे इसके लिए उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए है। इसी कड़ी में 24 घंटे रेलवे ट्रैक से लेकर सोशल मीडिया पर हिमाकत करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

यूपी डीजीपी कुमार का कहना है कि

